mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-2 अंक-33 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

मनेन्द्रगढ़
03 फरवरी 2026 मगंलवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित



आईसीसी वनडे रैंकिंग: @ पेज 7

## शब-ए-बारात पर पटाखों को लेकरकलकत्ता हाई कोर्ट सख्त

### रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक इस्तेमाल पर प्रतिबंध

**कोलकाता,एजेंसी।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने शब-ए-बारात के मौके पर अवैध और खतरनाक पटाखों के इस्तेमाल पर सख्त निर्देश दिए हैं कोर्ट ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) और पुलिस को आदेश दिया है कि त्योहार के दौरान ऐसे किसी भी पटाखे को फोड़ने की इजाजत न दी जाए जो पर्यावरण के लिए नुकसानदेह हों या कानूनन प्रतिबंधित हों।

**रात 10 से सुबह 6 बजे तक पटाखे फोड़ने पर रोक** :हाई कोर्ट ने साफ कहा है कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह रोक रहेगी यह आदेश मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की डिवीजन बेंच ने दिया कोर्ट ने यह भी कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी होगी त्योहार के समय अवैध पटाखों से उन्हें परेशानी होती है।

## केरल के विपक्षी सांसदों का संसद भवन के बाहर प्रदर्शन, केंद्रीय बजट में उपेक्षा का आरोप

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय बजट में केरल की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया इस विरोध में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत कई सांसद शामिल हुए सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। और उसकी मुख्य मांगों को पूरा करने में नाकाम रहा है इन सांसदों ने बजट को केरल विरोधी बजट करार देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने आवंटन और नीतिगत प्राथमिकताओं में विशेषकर केरल और तमिलनाडु की अनदेखी की है।

## केरल विधानसभा में गूंजा पैरोल मुद्दा, स्थगन प्रस्ताव खारिज होने पर विपक्ष का जोरदार हंगामा



**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही हंगामेदार रही स्पीकर ने दोषी कैदियों को दी गई पैरोल पर चर्चा के लिए लाए गए स्थगन प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसके बाद नाराज यूपीडीएफ विधायकों ने सदन के अंदर ही प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी रिवोल्यूशनरी मार्क्सिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की विधायक केके रेमा ने स्थगन प्रस्ताव पेश किया था उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में सजा हुई कई दोषियों को पैरोल देकर जेल से रिहा किया जा रहा है इस पर स्पीकर एएन शमशीर ने प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मुद्दा इतना जरूरी नहीं है और इसे सामान्य चर्चा में उठाया जा सकता है।

**विपक्ष ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप** :स्पीकर के फैसले पर नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन ने सवाल उठाए उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों को गैरकानूनी तरीके से पैरोल दी जा रही है ये अपराधी बाहर आकर कानून-व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं।

### लोकसभा में हंगामा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा

# राहुल बोले- चीनी टैंक डोकलाम आ रहे थेः स्पीकर, शाह और राजनाथ ने टोका तो पूछा- सरकार किस बात से

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्टपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राहुल गांधी की स्पीच शुरू होते ही हंगामा हो गया दरअसल राहुल ने कहा, डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए थे मैं यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहा हूं। जिसमें पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब (मेमॉयर) को कोट किया गया है राहुल बोले-आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं।




4 चीनी टैंक डोकलाम में भारत की धरती पर आ रहे थे वे कुछ 100 मीटर ही दूर थे इसके बाद पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टोका फिर स्पीकर ओम बिड़ला ने किताब सदन में रखने पर जोर दिया राजनाथ ने कहा- वे (राहुल) बताएं कि यह किताब पब्लिश हुई है या नहीं सदन को गुमराह ना करें राहुल की बात पर 46 मिनट तक हंगामा चला हर बार उनके बोलने पर स्पीकर ओम बिरला ने टोका और नियमों का हवाला दिया राजनाथ, शाह, रिजिजू और निशिकांत दुबे भी उनका विरोध करते दिखे।

### राहुल ने कहा- मैं कोट नहीं कर सकता, राजनाथ बोले- ये सदन को गुमराह कर रहे

राहुल गांधी ने कहा- मैं कोट नहीं कर सकता डिस्क्राइब तो कर सकता हूं चीन और भारत के रिश्ते के बारे में लिखा है चीन का टैंक कैलाश रेंज पर आ रहा था राजनाथ सिंह ने कहा- राहुल सदन को गुमराह करने की कोशिश न करें राहुल गांधी ने शब्द पलटकर वही बात दोहराई। वहां एक सीमा है वहां कुछ देश की सेनाएं थीं 4 टैंक कैलाश रेंज में आ रहे थे राहुल ने स्पीकर से कहा- आप ही मुझे बता दीजिए मुझे क्या कहना है।

## रिजिजू बोले- स्पीकर का अपमान हुआ, कांग्रेस पाप के लिए माफी मांगे



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चीन से जुड़े बयान को लेकर संसद का माहौल लगातार गरमाया हुआ है भाजपा ने राहुल गांधी पर सदन की मर्यादा तोड़ने और लोकसभा अध्यक्ष का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।

**राहुल गांधी को लोकसभा अध्यक्ष की सख्त चेतावनी :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी को सदन में नियमों के तहत बोलने की सख्त हिदायत दी। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई सदस्य तथ्यों और संसदीय नियमों के दायरे में बात नहीं रखता है, तो उन्हें दूसरे वक्ताओं को अवसर देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यह चेतावनी उस वक्त दी गई जब राहुल गांधी ने चीन से जुड़े एक गैर-सूचीबद्ध मुद्दे को उठाने की कोशिश की।

**राहुल गांधी देश से माफी मांगें- किरेन रिजिजू** :केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला उन्होंने कहा राहुल गांधी बार-बार सदन के नियमों की अनदेखी करते हैं यह बेहद शर्मनाक है उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केंद्र ट्रिब्यूनल गठित करे तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच है विवाद

**नई दिल्ली,एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने 2018 में केस दायर किया और आरोप लगाया कि कर्नाटक पेन्नैयार नदी पर चेक डैम, पानी मोड़ने की संरचनाएं (डायवर्जन) बना रहा है, इससे तमिलनाडु को मिलने वाला पानी प्रभावित हो रहा है। तमिलनाडु की दलील क्या थी मामले में तमिलनाडु सरकार का कहना है कि अंतर-राज्यीय नदी का पानी राष्ट्रीय संपत्ति होती है इस पर किसी एक राज्य की निजी मिल्कियत नहीं है ऐसे



मामले में कोई भी राज्य अकेले फैसले लेकर दूसरे राज्य का हक नहीं छीन सकता सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा इस मामले पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार को अब और देर नहीं करनी चाहिए इसके साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि इस मामले में ऑफिशियल गजट में नोटिफिकेशन जारी हो और एक महीने में जल विवाद ट्रिब्यूनल बने नदी के जल विवाद पर ट्रिब्यूनल बनने के बाद सुनवाई शुरू होगी सबूत और रिपोर्ट्स आएंगी हालांकि इस पर अंतिम फैसला आने में समय लग सकता है।

## ठाणे-कल्याण-डोंबिवली-उल्हासनगर में मेयर पद पर शिवसेना का दावा, महिला प्रत्याशी नामित

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ठाणे, कल्याण-डोंबिवली और उल्हासनगर नगर निगमों में मेयर पद के लिए महिला उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है इन पदों पर कोई आरक्षण नहीं है फिर भी पार्टी ने महिलाओं पर भरोसा जताया है एकनाथ शिंदे ने सोमवार को इसकी जानकारी दी इन महिला नेताओं को मिलेगी कमान एकनाथ शिंदे के कार्यालय से जारी एक बयान में बताया गया कि ठाणे नगर निगम में शर्मिला पिंपोलकर-गायकवाड को मेयर पद के लिए नामित किया जाएगा वहीं कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में हर्षाली थाविल चौधरी और



उल्हासनगर नगर निगम में अश्विनी निकम को यह जिम्मेदारी दी जाएगी यह इन नगर निगमों के इतिहास में पहली बार होगा जब बिना आरक्षण के कोई महिला मेयर का पद संभालेगी आरक्षण से आगे बढ़कर मौका देने की पहल पार्टी ने कहा कि यह फैसला सोच समझकर लिया गया है ताकि अनिवार्य कोटे से आगे बढ़कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके बयान में कहा गया महिलाओं को आरक्षण का इंतजार किए बिना उनकी क्षमता और नेतृत्व के आधार पर अवसर मिलने चाहिए शिवसेना ने यह भी कहा कि जब इन पदों पर किसी तरह का आरक्षण नहीं था, तो पुरुष मेयर चुने जाने की अटकलें थीं, लेकिन पार्टी ने अपनी बहनों पर भरोसा जताया है श्रीकांत शिंदे ने की थी वकालत बयान के अनुसार, कल्याण से शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने इस बात की वकालत की थी कि सक्षम महिला पार्षदों को शीर्ष नागरिक पद के लिए मौका दिया जाना चाहिए उनके प्रस्ताव को एकनाथ शिंदे ने मंजूरी दी।

### बिहार में कौओं में बर्ड लू वायरस की पुष्टि से हड़कंप, क्षेत्र में किया जा रहा सेनेटाइज़ेशन

**भागलपुर,एजेंसी।** बिहार के भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल परिसर में बड़ी संख्या में मृत मिले कौओं में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि होने के बाद हड़कंप मच गया जांच रिपोर्ट के सामने आते ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है और प्रभावित क्षेत्र में एहतियाती कदम उठाए गए हैं जानकारी के मुताबिक 11 जनवरी की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने एक ही स्थान पर पेड़ के नीचे 150 से ज्यादा मृत कौओं को देखा था कई कौए तड़पती अवस्था में भी पाए गए थे जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी।

## जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बारिश और बर्फबारी

### 5 से 7 फरवरी के बीच तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस से फिर मौसम बदलेगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार बर्फबारी और बारिश हुई मौसम विभाग के मुताबिक दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी जारी रहेगी मैदानी राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने और घने कोहरे की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली, हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही आईएमडी ने उत्तरप्रदेश, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है 5 से 7 फरवरी के बीच



तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर मौसम बदलेगा पश्चिमी विक्षोभ से आने वाली हवाओं का सिस्टम है, जो सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है जम्मू-कश्मीर के पहलगाम और काजीगुंड के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई वहीं श्रीनगर समेत दक्षिण कश्मीर के कई हिस्सों में बारिश हुई गुलमर्ग सबसे ठंडा इलाका रहा जहां न्यूनतम तापमान माइनस-7 डिग्री सेल्सियस रहा उत्तराखंड के उत्तरकाशी में गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में रविवार को बर्फबारी हुई हरियाणा और पंजाब में भी न्यूनतम तापमान बढ़ा है।

## आत्मनिर्भरता राष्ट्र निर्माण का मूल आधार :प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आत्मनिर्भरता को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता वह दीपक है जो आत्मसम्मान और सामर्थ्य का मार्ग दिखाता है उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार का केंद्रीय बजट देश के युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए संस्कृत का एक सुभाषित भी उद्धृत किया नाम्भोधिरर्थितामेति सदाम्भोभिश्च पूर्यते आत्मा तु पात्रतां नेय पात्रमायान्ति सम्पद प्रधानमंत्री ने इस सुभाषित के माध्यम से यह संदेश दिया कि संपदा और अवसर उसी के पास आते हैं जो स्वयं को योग्य बनाता है उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और बजट प्रावधानों का उद्देश्य युवाओं में क्षमता विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

## रोहित शेट्टी के घर फायरिंगः 4 आरोपी 5 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर, मास्टरमाइंड की तलाश

**मुंबई,एजेंसी।** फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के जुहू स्थित आवास पर हुई गोलीबारी के मामले में आज मुंबई क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है कल की वारदात के बाद पकड़े गए चारों आरोपियों को आज जिला अदालत ने 5 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है पुलिस की 12 विशेष टीमें अब मुख्य साजिशकर्ता शुभम लोंकर की तलाश में जुटी हैं जिसे इस हमले का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है जांच अधिकारियों ने अदालत को बताया कि आरोपियों से पूछताछ



के जरिए इस हमले के पीछे छिपे असली मकसद और हथियारों के नेटवर्क का पर्दाफाश करना जरूरी है जांच में आए इस ताज़ा मोड़ के बाद रोहित शेट्टी ने बड़ा फैसला लेते हुए अगले 48 घंटों के लिए अपने सभी सार्वजनिक और निजी कायक्रम रद्द कर दिए हैं उन्होंने अपने फिल्मी साथियों और शुभचिंतकों से गुजारिश की है कि वे फिलहाल उनके घर न आएं शेट्टी का मानना है कि घर पर भीड़ जुटने से पुलिस की जांच और वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों के काम में बाधा आ सकती है हालांकि वह लगातार अधिकारियों के संपर्क में हैं और आज उन्होंने अपना विस्तृत बयान भी दर्ज कराया है पुलिस के मुताबिक कल तड़के हुई इस घटना के तार पुणे और अन्य गिरोहों से जुड़ते दिख रहे हैं।

## एसआईआर पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता की मांग

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दिल्ली के बंगा भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों का सामना किया उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में किसी आंदोलन के लिए नहीं आई हैं उनका मकसद चुनावी सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाना है मुख्यमंत्री हुई नाराज ममता बनर्जी रविवार को दिल्ली पहुंची थीं इसके बाद वो बंगा भवन गईं जो दिल्ली में पश्चिम बंगाल सरकार का गेस्ट हाउस है वहां वे परिवार ठहरे हुए हैं जो बंगाल में चुनावी सूची की जांच प्रक्रिया से प्रभावित हुए हैं इमारत के बाहर भारी पुलिस बल तैनात देखकर मुख्यमंत्री नाराज हो गईं ममता बनर्जी ने लगाया आरोप उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से कहा कि वे बंगाल के लोगों के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बंगा भवन में बंगाल के लोगों को डराया जा रहा है उन्होंने मीडिया से कहा हमारा मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हमारी चुनाव आयोग के साथ बैठक तय है।



### केंद्र पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने कहा मैं दिल्ली पुलिस को दोष नहीं देती, मैं उन लोगों को दोष देती हूं जो शीर्ष पर हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग देश की रक्षा करने में नाकाम हैं और आम लोगों पर एसआईआर के नाम पर अत्याचार कर रहे ।

# ब्रिटिश प्रिंस ने एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीरें भेजी, बेटी ने पिता से रिश्ता तोड़ा

### सर्वाइवर बोली- शाही महल में यौन संबंध के लिए मजबूर किया गया

**लंदन,एजेंसी।** ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू ने 2008 में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीरें भेजीं थी यह खुलासा 2010 और 2011 के ईमेल्स से हुआ है, जिसे जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को जारी किया था प्रिंस एंड्रयू की तरफ से एपस्टीन को 20 दिसंबर 2012 को एक कार्ड भेजा गया इसमें कुल 4 तस्वीरें थीं दो तस्वीरों में प्रिंसेस बीट्रिस को फरवरी 2012 में मोंट ब्लांक पर चढ़ाई करते हुए



दिखाया गया है जबकि प्रिंसेस यूजिनी की साइकिल चलाते तस्वीर भेजी गई थी इस महीने की शुरुआत में प्रिंसेस यूजिनी ने अपने पिता एंड्र्यू से सभी संपर्क तोड़ने का ऐलान किया था एंड्रयू ने क्रिसमस कार्ड में भेजी थीं राजकुमारियों की तस्वीरें यह तस्वीरें उस समय भेजी गईं जब एंड्रयू दावा कर चुके थे कि उन्होंने एपस्टीन से सभी संबंध खत्म कर दिए हैं ब्रिटिश अखबार 'द सन' के मुताबिक उस समय यूजिनी 21 साल की और बीट्रिस 23 साल की थीं। नए दस्तावेजों के मुताबिक, 21 दिसंबर 2011 को एचआरएच द ड्यूक ऑफ यॉर्क ईमेल आईडी से एपस्टीन को एक क्रिसमस कार्ड भेजा गया था इसमें दोनों बहनों की बर्फ में ली गई तस्वीर थी कार्ड पर एंड्रयू के साइन थे दावा- एपस्टीन ने यौन संबंध बनाने के लिए शाही महल भेजा एपस्टीन से जुड़े एक और मामले में गंभीर आरोप सामने आए हैं एक महिला के वकील ने क्क्ष्ट न्यूज को बताया कि एपस्टीन ने उसे प्रिंस एंड्रयू के साथ यौन संबंध बनाने के लिए ब्रिटेन भेजा था वकील के मुताबिक यह कथित घटना साल 2010 की है महिला और एंड्रयू की मुलाकात उनके निजी निवास रॉयल लॉज में हुई थी महिला ब्रिटिश नागरिक नहीं थी और उस समय उसकी उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है अमेरिका की कानूनी फर्म एडवर्ड हेंडरसन से जुड़े वकील ब्रैड एडवर्ड ने कहा कि एंड्रयू के साथ रात बिताने के बाद महिला को शाही पैलेस घुमाया गया और वहां चाय भी पिलाई गई इस मामले पर एंड्रयू से प्रतिक्रिया मांगी है आमतौर पर बकिंघम पैलेस आने वाले मेहमानों का रिकॉर्ड रखा जाता है लेकिन महिला की पहचान सार्वजनिक न होने की वजह से उसके दौरे की पुष्टि नहीं कर सका यह पहली बार है जब किसी एपस्टीन सर्वाइवर ने किसी शाही निवास में यौन संबंध होने का आरोप लगाया है ब्रिटिश पीएम ने प्रिंस एंड्रयू से गवाही देने को कहा ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने प्रिंस एंड्रूय से अमेरिकी संसद की कमिटी के सामने गवाही देने को कहा है दरअसल, पिछले हफ्ते अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने कई तस्वीरें जारी कीं जिसमें एंड्रूय को आपत्तिजनक हालत में देखा गया था।

# सुधारोन्मुख केंद्रीय बजट से असम को 'सार्थक लाभ' मिलेगा : मुयमंत्री



**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को कहा कि सुधारोन्मुख केंद्रीय बजट से असम सहित पूरे पूर्वोत्तर और पूर्वी क्षेत्र को 'सार्थक लाभ' मिलेगा वहीं, विपक्षी दलों ने बजट को आत्मसंतुष्ट बताते हुए आगामी विधानसभा चुनावों से पहले असम के लिए ठोस आश्वासनों के अभाव का आरोप लगाया बजट का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भारत की वैश्विक आकांक्षाओं और जमीनी स्तर के विकास के बीच संतुलन बनाता है। उन्होंने कहा कि सुधारों वित्तीय अनुशासन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और एमएसएमई को समर्थन पर दिया गया जोर असम की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप है डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने राज्यों के लिए पूंजीगत निवेश हेतु विशेष सहायता के तहत दो लाख करोड़ रुपये के प्रावधान का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे असम में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को गति मिलेगी उन्होंने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास हेतु 6,812 करोड़ रुपये के आवंटन को भी केंद्र सरकार के निरंतर फोकस का प्रमाण बताया मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में कौशल विकास पर दिया गया बल असम को स्वास्थ्य सेवा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संबद्ध क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों का भरोसेमंद केंद्र बनाने के राज्य के दृष्टिकोण के अनुरूप है उन्होंने पांच पूर्वी राज्यों में पांच पर्यटन स्थलों के विकास 4,000 ई-बसों की तैनाती, अरुणाचल प्रदेश सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बौद्ध सर्किट को मजबूत करने तथा तेजपुर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान को क्षेत्रीय शीर्ष केंद्र के रूप में उन्नत करने के प्रस्तावों का भी स्वागत किया इसके विपरीत विपक्षी दलों ने बजट की तीखी आलोचना की असम कांग्रेस अध्यक्ष व लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने बजट को आत्मसंतुष्टि वाला बजट बताते हुए कहा कि बदलती वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में इसमें न तो स्पष्ट दृष्टि है और न ही तात्कालिकता। उन्होंने आरोप लगाया कि आगामी विधानसभा चुनावों के बावजूद बजट में असम के लिए कुछ भी ठोस नहीं है और यह चुनिंदा कॉरपोरेट हितों को तरजीह देता है असम जातीय परिषद के अध्यक्ष लुरिन ज्योति गोगोई ने केंद्र पर असम और पूर्वोत्तर की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि घोषित उपायों से राज्य को वास्तविक लाभ कैसे मिलेगा, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है उन्होंने बढ़ते कर्ज, बार-बार आने वाली बाढ़, किसानों की बदहाली, चाय बागान श्रमिकों की उपेक्षा और लघु उद्योगों के पतन जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि बजट इन चुनौतियों से निपटने में विफल रहा है सीपीआई (एम) के असम राज्य सचिव सुप्रकाश तालुकदार ने बजट को संघीय ढांचे पर हमला बताया, जबकि रायजर दल के महासचिव रसेल हुसैन ने आरोप लगाया कि भाजपा ने एक बार फिर असम और पूर्वोत्तर की अनदेखी की। एआईयूडीएफ के महासचिव अमीनुल इस्लाम ने कहा कि चुनावी वर्ष में मनरेगा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों से बड़ी उम्मीदें थीं लेकिन बजट इस क्षेत्र के लिए निराशाजनक रहा हालांकि, पूर्वोत्तर के उद्योग संगठनों ने बजट का स्वागत किया फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स ऑफ नॉर्थ ईस्टर्न रीजन के अध्यक्ष बजरंग लोहिया ने कहा कि गैर-लोकलुभावन दृष्टिकोण के साथ एमएसएमई, पर्यटन और टियर-2 व टियर-3 शहरों में बुनियादी ढांचे पर जोर क्षेत्र को बहुआयामी विकास इंजन के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।

# खुलासा : गाजियाबाद में एक मोबाइल नंबर और फर्जी पतों पर बना दिए 22 पासपोर्ट



**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर में एक ही मोबाइल नंबर पर 22 पासपोर्ट जारी करने का मामला सामने आया है। सभी पासपोर्ट फर्जी दस्तावेज लगाकर बनवाए गए थे पुलिस ने 25 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर रविवार को एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए लोगों में एक डाकिया भी शामिल है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं दिल्ली के रीजनल पासपोर्ट अधिकारियों ने गाजियाबाद के भोजपुर थाने को 22 पासपोर्ट के पतों की जांच कराने के लिए 11 दिसंबर 2025 को पत्र लिखा था। इन सभी पासपोर्ट में भोजपुर और त्योड़ी गांव का पता लिखा है। यह भी बताया गया कि सभी पासपोर्ट में एक ही मोबाइल नंबर दर्ज हैं

**जांच में सभी पते निकले फर्जी :** जांच में पता चला कि इन पतों पर एक भी पासपोर्ट धारक व्यक्ति नहीं रहता है और सभी पते फर्जी हैं पुलिस ने इस मामले में दिल्ली निवासी विवेक गांधी, प्रकाश सुब्बा और मेरठ निवासी डाकिया अरुण कुमार को गिरफ्तार किया फर्जी दस्तावेज लगाकर पासपोर्ट बनवाने अमनदीप सिंह और महिला सावंत कौर की भी गिरफ्तारी हुई डाकिये को हर फर्जी पासपोर्ट पर मिलते थे 2 हजार रुपये पुलिस को डाकिये अरुण कुमार ने बताया कि पांच माह पहले उसके पास दो युवक आए और उन्होंने अपना नाम विवेक गांधी और प्रकाश सुब्बा बताया उन्होंने कहा आपके पास भोजपुर और त्योड़ी के पते पर कुछ पासपोर्ट आएंगे उनको वहां पर नहीं ले जाना सभी पासपोर्ट हमें दे देना प्रत्येक पासपोर्ट के एवज में दो हजार रुपये देने की बात तय हुई रुपये के लालच में डाकिया ने सभी पासपोर्ट उन्हें दे दिए ये सभी पासपोर्ट फर्जी दस्तावेजों से बनवाए गए थे पुलिस की लापरवाही सामने आई पासपोर्ट बनने से पहले सत्यापन के लिए इसे पुलिस के पास ऑनलाइन भेजा जाता है स्थानीय पुलिसकर्मी जांच कर इसकी रिपोर्ट टैब के जरिये पासपोर्ट कार्यालय को भेजते हैं भोजपुर पुलिस ने भी सभी पासपोर्ट की जांच कर भेज दी जबकि गांव भोजपुर और त्योड़ी में इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं है ऐसे में पुलिसकर्मियों के मिलीभगत की आशंका जताई जा रही जिनके नाम से पासपोर्ट बने, उनके कनाडा जाने का अंदेशा है पुलिस उनका पता लगाने में जुटी है फर्जीवाड़े में दरोगा जांच के घेरे में आया फर्जी दस्तावेज लगाकर पासपोर्ट बनाने के मामले में भोजपुर पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है बीट दरोगा और सिपाही मौके पर जाकर सत्यापन करते तो पासपोर्ट नहीं बनते एक दरोगा और दो सिपाही भी इस मामले में जांच के दायरे में आ रहे।

# दरंग-उदालगुड़ी ब्राह्मण सभा का 125वां वार्षिक अधिवेशन एवं ब्रह्मयज्ञ संपन्न



**दरंग (असम),एजेंसी।** दरंग-उदालगुड़ी जिला ब्राह्मण सभा का 125वां वार्षिक अधिवेशन एवं पावन ब्रह्मयज्ञ धार्मिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ब्रह्मयज्ञ के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर विश्व शांति और समस्त जीव-जगत के कल्याण की कामना की वैदिक मंत्रोच्चारण, धार्मिक अनुष्ठानों और सामूहिक प्रार्थनाओं से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा कार्यक्रम में धर्माचार्यों, समाज के वरिष्ठजनों और ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने भाग लिया वक्ताओं ने आध्यात्मिक मूल्यों, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस धार्मिक आयोजन के प्रति लोगों की गहरी आस्था को दर्शाया।

# नेपाल सरकार ने अपने नागरिकों के लिए ईरान यात्रा पर लगाया प्रतिबंध



**काठमांडू, एजेंसी।** ईरान में जारी हालात को देखते हुए नेपाल सरकार ने नेपाली नागरिकों को ईरान की यात्रा से जुड़े किसी भी प्रकार की योजना पर फिलहाल प्रतिबंध लगा दिया है रविवार को यात्रा परामर्श (ट्रैवल एडवाइजरी) जारी करते हुए विदेश मंत्रालय ने ईरान में रह रहे या काम कर रहे नेपाली नागरिकों से किसी भी उपलब्ध माध्यम का उपयोग करते हुए यथाशीघ्र देश छोड़ने की कड़ी सलाह दी है मंत्रालय ने ईरान में मौजूद नेपाली नागरिकों से यह भी अनुरोध किया है कि वे पासपोर्ट और पहचान पत्र सहित अपने सभी यात्रा दस्तावेज हमेशा तैयार रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन रूप से देश से बाहर निकलना आसान हो सके इसके अलावा, मंत्रालय ने ईरान में रह रहे नेपाली नागरिकों से काठमांडू स्थित विदेश मंत्रालय तथा दोहा स्थित नेपाली दूतावास-जो ईरान से संबंधित वाणिज्य दूतावासीय कार्य देखता है के साथ निरंतर संपर्क में रहने का आग्रह किया है नेपाल सरकार ने यहां से ईरान की यात्रा पर जाने वाले नेपाली नागरिकों को अपनी यात्रा को तत्काल स्थगित करने का निर्देश दिया है विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि अगले आदेश तक नेपाली नागरिक किसी भी कारणवश ईरान की यात्रा नहीं कर सकते हैं इससे पहले 13 जनवरी को भी मंत्रालय ने ईरान में रह रहे और कार्यरत नेपाली नागरिकों को ईरान की सक्षम प्राधिकरणों द्वारा जारी सुरक्षा परामर्श का पालन करने, घर के भीतर रहने, सतर्क रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी थी।

# लैपटॉप पर उंगलियां चलाता मर गया युवक मौत के 8 घंटे बाद भी फोन पर मिलता रहा काम



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में 32 साल के एक प्रोग्रामर की लंबे समय तक लगातार काम करने के बाद अचानक मौत हो गई है साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इस युवक का नाम गाओ गुआंगहुई था उनके परिवार का कहना है कि उनकी मौत का मुख्य कारण जरूरत से ज्यादा काम (ओवरवर्क) था इस घटना के बाद चीन के सोशल मीडिया पर काम के दबाव और निजी जिंदगी के संतुलन को लेकर बड़ी बहस शुरू हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में प्रमोशन मिलने के बाद गाओ को टीम लीडर बनाया गया था। इसके बाद उनके लिए देर रात तक काम करना और ओवरटाइम करना आम बात हो गई थी। उनकी प पत्नी ली कई बार उनसे कहती थीं कि वह समय पर घर लौटें और अपनी सेहत का ख्याल रखें ली ने भावुक होते हुए कहा अगर मैं समय पीछे ले जा पाती तो मैं उन्हें नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर कर देती घटना कैसे हुई यह दुखद घटना 29 नवंबर 2025 की है उस दिन सुबह गाओ ने उठते ही तबीयत खराब महसूस की लेकिन इसके बावजूद उन्होंने घर से ही काम करना जारी रखा कुछ समय बाद उनकी हालत और बिगड़ गई और वह अचानक बेहोश हो गए परिवार वाले उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने दोपहर में उन्हें मृत घोषित कर दिया मेडिकल रिपोर्ट में मौत का कारण अचानक दिल का दौरा (कार्डियक अरेस्ट) बताया गया। मौत के बाद भी आता रहा काम का मैसेज इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि गाओ की मौत के आठ घंटे बाद भी उनके फोन पर काम से जुड़ा एक मैसेज आया काम के अत्यधिक दबाव वाले माहौल पर भारी गुस्सा पैदा कर दिया है चीन में 'ओवरवर्क कल्चर' पर बहस तेज इस मामले के बाद सोशल मीडिया पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या नौकरी इंसान की जान से ज्यादा जरूरी है कई लोगों ने कहा कि कंपनियां कर्मचारियों से अमानवीय तरीके से काम लेती हैं हालांकि चीन के श्रम कानून के अनुसार किसी कर्मचारी को दिन में 8 घंटे और सप्ताह में 44 घंटे से ज्यादा काम नहीं करना चाहिए लेकिन व्यवहार में कई कंपनियां इससे कहीं अधिक काम करवाती हैं।

# 2026 की त्ष्ठक्क्ग्रोथ में यूएस से आगे निकला भारत, एलन मस्क बोले- बदल रहा पावर बैलेंस



**न्यूयार्क, एजेंसी।** 31 जनवरी को वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया गया इस पोस्ट में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड को क्रेडिट देते हुए जारी की गई एक रिपोर्ट थी जिसमें बताया गया कि ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ में भारत, अमेरिका से आगे निकल गया है टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स की पोस्ट को री-शेयर किया और लिखा, सत्ता का संतुलन बदल रहा है अमेरिका से आगे निकला भारत रिपोर्ट में 2026 में ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ में योगदान के मामले में भारत को अमेरिका से आगे बताया गया है दुनिया भर में होने वाले अनुमानित विस्तार में भारत का हिस्सा 17 प्रतिशत है जबकि अमेरिका 9.9 प्रतिशत पर है आईएमएफ की जारी की गई रिपोर्ट में चीन सबसे आगे है 2026 में चीन की जीडीपी ग्रोथ 26.6 प्रतिशत बताई गई है जिसका मतलब है कि ये दोनों एशियाई अर्थव्यवस्थाएं मिलकर अब ग्लोबल त्ष्ठक्क्ग्रोथ का 43.6 प्रतिशत हिस्सा चला रही हैं एलन मस्क भारत की तरक्की पर करीब से नजर रख रहे हैं पिछले कुछ महीनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दो बार मिल चुके हैं और भारत में अपनी कंपनी के लिए बेहतर जगह की तलाश कर रहे हैं निर्मला सीतारमण ने दोहराई मस्क की बात बजट 2026 पर यूथ डायलॉग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एलन मस्क के पोस्ट को लेकर अपनी बात रखी वित्त मंत्री ने कहा, एलन मस्क ढ्ढरूस्न के डाटा का हवाला देते हुए कहते हैं वाह, क्या यह सच है निर्मला सीतारमण ने आगे कहा, ग्लोबल त्ष्ठक्क्ग्रोथ में चीन का योगदान 26 प्रतिशत है। भारत का योगदान 17 प्रतिशत है कुल मिलाकर, ग्लोबल त्ष्ठक्क् ग्रोथ का 43 प्रतिशत इन दोनों इकोनॉमी से आता है खत्म कर देंगे भारत और चीन के बीच का गैप वित्त मंत्री ने आगे कहा, लेकिन भारत के विपक्ष को भी यह समझना चाहिए कि यह उस तरह की ताकत है जो भारत ने अब हासिल की है चीन के बाद दूसरे नंबर पर, गैप बड़ा हो सकता है, 26 और 17, लेकिन हम इसे पाट देंगे।

# ट्रंप ने ईरान को फिर दी धमकी, कहा- समंदर में तैनात है यूएस नेवी



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को फिर से धमकी दी है तेहरान की बयानबाजी के बीच अमेरिका ने ईरान के आसपास सेना तैनात कर दी है वहीं, डोनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ डील पूरी होने की उम्मीद जताई है फ्लोरिडा में मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने बेशक ईरान के पास सेना तैनात की है लेकिन हम अभी भी कूटनीति के रास्ते हल तलाशने की कोशिश कर रहे हैं ट्रंप ने ईरान को दी धमकी डोनल्ड ट्रंप ने कहा, हमारे पास दुनिया के सबसे बड़े और शक्तिशाली जहाज हैं जो ईरान के बेहद करीब हैं अगर हम डील नहीं करते हैं तो हमें पता लगाना होगा कि कहां कमी रह गई है ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा हमारे पास काफी बड़े, शक्तिशाली जहाज हैं।

# फरुखाबाद में गंगा स्नान कर वापस जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, एक बालक की मौत



**फरुखाबाद,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में माघी पूर्णिमा के दिन गंगा के तट पर स्नान कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई दुर्घटना में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि अन्य आधा दर्जन लोग घायल हो गए जानकारी के अनुसार, ग्राम मिल्किया पहाड़पुर के निवासी रामलखन अपने गांव के अन्य लोगों और रिश्तेदारों के साथ माघी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा के ढाई घाट पर स्नान करने आए थे वे तीन ट्रैक्टर ट्रालियों से यात्रा कर रहे थे जिनमें से एक ट्रैक्टर ट्राली पर डीजे और जनरेटर रखा हुआ था इस ट्राली में करीब 12 लोग सवार थे। चश्मदीदों ने बताया कि जैसे ही वे शमशाबाद मार्ग पर बुढ़िया पुल के पास पहुंचे, वैसे ही डीजे लदी ट्रैक्टर ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्राली के पलटने से उसमें सवार लोग नीचे दब गए, जिससे चीख-पुकार मच गई हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भेजा गया जहां डॉक्टरों ने 12 वर्षीय बालक रीति को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायल व्यक्तियों में 12 वर्षीय प्राची 12 वर्षीय आशू, 20 वर्षीय बिजेंद्र, 18 वर्षीय अनिल, 21 वर्षीय उमेश और 21 वर्षीय विक्रांत शामिल हैं वहीं, गंभीर रूप से घायल प्राची और अनिल कुमार को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया। स्थानीय लोगों ने ट्राली के नीचे दबे श्रद्धालुओं को बाहर निकालने के लिए राहगीरों ने मदद की और फिर ई-रिक्शा के जरिए घायलों को अस्पताल भेजा थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और मृतक बालक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है इस हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा शुरुआती जांच शुरू कर दी गई है हादसा कैसे हुआ इस बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## सीएम भगवंत मान ने मोहाली में 900 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**मोहाली,एजेंसी।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को मोहाली में विभिन्न विभागों के 916 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए इस अवसर पर उन्होंने सभी नव-नियुक्त उम्मीदवारों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पंजाब और पंजाबियों की सेवा करने का आह्वान किया मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक राज्य सरकार द्वारा बिना रिश्वत और बिना सिफारिश 63,943 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं और 'मिशन रोजगार' के तहत यह प्रक्रिया आगे भी लगातार जारी रहेगी उन्होंने कहा कि अब उम्मीदवारों को केवल परीक्षा देनी होती है उसके बाद परिणाम और नियुक्ति पत्र सरकार स्वयं भेजती है, जिससे भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 में झाड़ू का बटन दबाकर जनता सरकार में भागीदार बनी और उसी फैसले से आज शिक्षा, रोजगार और विकास की रोशनी पूरे पंजाब में फैल रही है जबकि पिछली सरकारों के दौर में प्रदेश को सिर्फ अंधकार मिला उन्होंने कहा कि विरोधियों ने सरकार द्वारा किए गए जन-हितैषी कार्यों की सराहना करने के बजाय हमेशा कमियां ही निकाली हैं। लेकिन हमारा ध्यान सिर्फ काम पर है। पंजाब को दोबारा सही राह पर लाने के लिए लोग हमारा साथ दे रहे हैं। हमें विरोधियों की परवाह नहीं है उन्होंने कहा कि अगर हमें शहीदों के सपनों की आजादी को साकार करना है तो हमें भी आजादी के लिए संघर्ष करना पड़ेगा शहीदों के सपनों की आजादी को हकीकत में बदलने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। भगवंत मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि आज मोहाली में विभिन्न विभागों के 916 नौजवान लड़के-लड़कियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए सभी को पूरी तन्मयता और ईमानदारी से पंजाब-पंजाबियों की सेवा करने के लिए शुभकामनाएं दी। अब तक 63 हजार 943 युवाओं को बिना रिश्वत और बिना सिफारिश सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं आने वाले दिनों में भी 'मिशन रोजगार' के तहत इसी तरह युवाओं के हाथों में नियुक्ति पत्र सौंपने का सिलसिला लगातार जारी रहेगा इससे पहले उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के नाम पर बनाए गए पोर्टल में जवाबदेही तय की गई है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस योजना को स्कैम ना बना सके यदि कोई भी कॉलेज फर्जी दाखिला दिखाकर स्कॉलरशिप लेने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के तहत राज्य के हर परिवार को 10 लाख रुपए तक का मुफ़्त इलाज मिलेगा इस योजना की सुविधा सरकारी और निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगी अब राज्य का कोई भी परिवार इलाज से वंचित नहीं रहेगा।

## एलडीए के खिलाफ प्रदर्शन, लापरवाही का आरोप लगाया

**लखनऊ, एजेंसी।** जानकीपुरम स्थित किसान कमेटी हॉल में पानी की टंकी के अंदर मरा हुआ जानवर मिलने से नाराज भारतीय किसान यूनियन (राजू गुप्ता गुट) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को एलडीए के अधिकारियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया और लापरवाही का आरोप लगाया किसानों का कहना था कि कमेटी हॉल परिसर की साफ-सफाई और रखरखाव को लेकर कई बार शिकायत की गई लेकिन संबंधित विभाग ने ध्यान नहीं दिया पानी की टंकी में मरा जानवर मिलने से संक्रमण फैलने का खतरा भी जताया सूचना पर मौके पर पहुंचे एलडीए के सहायक अभियंता (एई) विनीत शर्मा ने किसानों से वार्ता की उन्होंने नई पानी की टंकी लगवाने सहित अन्य समस्याओं का समाधान एक सप्ताह के भीतर कराने का आश्वासन दिया आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया प्रदर्शन के दौरान संगठन के जिला सचिव मोनू यादव, सियाराम छोटेलाल प्रधान, रमेश यादव समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## बदहाल सड़क और जलभराव से परेशान किसानों का धरना

**लखनऊ, एजेंसी।** लालजी टंडन वार्ड के अंधे की चौकी पर रविवार को किसानों ने सड़क खराब होने के मुद्दे पर धरना दिया यहां पुलिस चौकी के पीछे स्थित सड़क पर गंदे पानी का जलभराव, टूटी सड़क और जर्जर नालियों ने जनजीवन दूभर कर दिया है।

## समाधान ऑनलाइन प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश

# लोक सेवा गारंटी प्रकरणों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त - कलेक्टर





**मीडिया ऑडीटर,सीधी ( निप्र )।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा पत्रों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों-सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, संकल्प से समाधान अभियान तथा ई-ऑफिस की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई कलेक्टर सोमवंशी ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान है उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का केवल औपचारिक निराकरण न किया जाए बल्कि संबंधित हितग्राही की वास्तविक समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए उन्होंने नॉन-अटेंडेड शिकायतों एवं निम्न गुणवत्ता के साथ बंद की गई शिकायतों पर कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए ऐसे प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित शिकायतों की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि इन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण किया जाए उन्होंने कहा कि समाधान ऑनलाइन शासन की महत्वपूर्ण पहल है जिसमें लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने समय-बाह्य प्रकरणों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम आम नागरिकों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू किया गया है अतः किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर भविष्य में किसी भी आवेदन को समय-सीमा से बाहर न जाने दिया जाए , समीक्षा की उन्होंने अभियान के अंतर्गत शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने तथा शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि यह अभियान शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु है, जिसे पूरी गंभीरता से क्रियान्वित किया जाए इसके अतिरिक्त बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली की विभागवार प्रगति की समीक्षा की है।

## मनरेगा बदलाव के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन ट में राज्यपाल के नाम सौंपा मांग पत्र



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार के मनरेगा में किए बदलावों को लेकर मोर्चा खोल दिया है सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) ने कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मनरेगा को उसके पुराने और मूल स्वरूप में वापस लाने की मांग की है शहर अध्यक्ष बोले- मजदूरों के हक पर हमला है यह बदलाव आंदोलन का नेतृत्व कर रहे शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि मनरेगा कानून ग्रामीण भारत की रीढ़ है उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इसमें बदलाव करके इस ऐतिहासिक कानून को धीरे-धीरे खत्म करना चाहती है चौहान के अनुसार, यह सिर्फ एक कानून नहीं बल्कि करोड़ों मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है जिससे गांवों की अर्थव्यवस्था बिगड़ रही है ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा बुरा असर प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को रोजगार की गारंटी दी है। अगर इसे कमजोर किया गया तो इसका असर केवल मजदूरों पर ही नहीं बल्कि छोटे व्यापारियों पर भी पड़ेगा क्योंकि लोगों की जेब में पैसा नहीं रहेगा कांग्रेस ने इसे सामाजिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया है।

## करंट लगने से दो बाघों की मौत किसान ने फसल बचाने को फैलाया था करंट जांच टीम मौके पर पहुची



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र में करंट लगने से रविवार रात एक नर और एक मादा बाघ की मौत हो गई करपा बीट क्षेत्र में हुई इस घटना से वन विभाग सकते में हैं सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्काल जांच शुरू की गई वन विभाग को रविवार रात सर्किल मसिरा के आरएफ 382 क्षेत्र के पास एक बाघ का शव मिलने की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच के दौरान सोमवार तड़के उसी क्षेत्र में एक बाघिन का शव भी बरामद हुआ दोनों शव राजस्व क्षेत्र में एक-दूसरे के नजदीक पाए गए, जिससे यह पुष्टि हुई कि उनकी मौत एक ही घटना में हुई है बिजली का तार जिसकी चपेट आने से हुई बाघों की मौत किसान ने फसल बचाने बिछाया था बिजली तार प्रारंभिक जांच और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर दोनों बाघों की मौत बिजली के करंट से होने की पुष्टि हुई है जांच में यह सामने आया है कि एक किसान ने अपनी फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत में अवैध रूप से बिजली का तार बिछाया था इसी तार की चपेट में आने से दोनों बाघों की जान चली गई डीएफओ तरुणा वर्मा ने बताया कि दो बाघों की मौत की पुष्टि हो चुकी है यह मामला वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत एक गंभीर अपराध है नियमानुसार पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है और जांच के सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल की जा रही है कुछ ही दूर पर मिला बाघिन का शव वन विभाग की डॉग स्क्वॉड टीम, फील्ड स्टाफ और अन्य विशेषज्ञ दल क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चला रहे है।

## हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से




मीडिया ऑडीटर,सीधी (निप्र)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा 10 फरवरी से आरंभ हो रही है हायर सेकण्डरी की परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातरू 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं कक्षा 12वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र मंगलवार 10 फरवरी को होगा इस दिन अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा शक्रवार 13 फरवरी को एनिमल हस्बैण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एवं फिशरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, अर्थशास्त्र तथा फिजिक्स का प्रश्न पत्र होगा शनिवार 14 फरवरी को बायोटेक्नॉलाजी, गायन वादन एवं तबला पखावज का प्रश्नपत्र होगा सोमवार 16 फरवरी को संस्कृत का प्रश्नपत्र तथा मंगलवार 17 फरवरी को ड्राइंग एण्ड डिजाइन का प्रश्न पत्र होगा बुधवार 18 फरवरी को केमिस्ट्री, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलिमेंट आफ साइंस एण्ड मेथमेटिक्स यूजफुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग और गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा होगी गुरूवार 19 फरवरी को मनोविज्ञान का प्रश्नपत्र होगा शुक्रवार 20 फरवरी को आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के सभी विषय और शारीरिक शिक्षा का प्रश्नपत्र होगा शनिवार 21 फरवरी को कृषि, होम साइंस (कला समूह) तथा बुककीपिंग एण्ड एकाउंटेन्सी का प्रश्न पत्र होगा सोमवार 23 फरवरी को बॉयोलाजी तथा बुधवार 25 फरवरी को गणित का प्रश्नपत्र होगा गुरूवार 26 फरवरी को राजनीति शास्त्र एवं 27 फरवरी को इन्फॉरमेटिक प्रेक्टिसेस का प्रश्नपत्र होगा ।सोमवार 2 मार्च को समाजशास्त्र का प्रश्नपत्र होगा गुरूवार 5 मार्च को भूगोल,क्रॉप प्रोडक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, स्टिल लाईफ एण्ड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया-विज्ञान एवं स्वास्थ्य का प्रश्नपत्र होगा शुक्रवार 6 मार्च को उर्दू तथा मराठी एवं अंतिम प्रश्नपत्र शनिवार 7 मार्च को हिंदी का होगा।

## भाजपा विधायक बोले स्कूलों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में इलाज नहीं जो विकास कागजों में, वह जमीन पर नहीं दिखता




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** सोमवार को नीति आयोग के 'संपूर्णता अभियान 2.0' की शुरुआत हुई लेकिन यह कार्यक्रम सरकारी दावों और जमीनी हकीकत की तकरार का गवाह बन गया मंच पर जिला कलेक्टर और तमाम बड़े अधिकारी मौजूद थे, पर देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम ने जब बोलना शुरू किया तो सबकी बोलती बंद हो गई उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जो विकास कागजों पर दिख रहा है वह जमीन पर कहीं नजर नहीं आता विधायक मेश्राम ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए बताया कि कई स्कूलों में तो शिक्षक दर्शन तक नहीं देते वे घर बैठे ही उपस्थिति पंजी मंगवाकर अपने हस्ताक्षर कर रहे हैं और केवल खानापूर्ति की जा रही है मेश्राम यहीं नहीं रुके, उन्होंने अस्पतालों और आंगनबाड़ियों की हालत पर भी जमकर नाराजगी जताई उन्होंने कहा कि न मरीजों को दवा मिल रही है और न बच्चों को सही पोषण, ऐसे में जिले के विकास की बातें सिर्फ दिखावा है।

## लापता नवविवाहिता का शव जंगल में 10 दिन बाद पेड़ से लटका मिला, चरवाहे ने दी परिवार को सूचना



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** खैरहा थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला है 23 वर्षीय सुमनलता बैगा बीते 23 जनवरी से लापता थीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है शव करीब दस दिन पुराना बताया जा रहा है जानकारी के अनुसार, ग्राम हरदी निवासी सुमनलता बैगा (23 वर्ष) अपने पति सुरेश कुमार बैगा के साथ रहती थी वह 23 जनवरी को अचानक घर से लापता हो गई थीं परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश की कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों ने खैरहा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस भी परिजनों के साथ महिला की तलाश कर रही थी इसी क्रम में सोमवार को ग्राम हरदी से लगभग दो किलोमीटर दूर पिपरहा जंगल में मवेशी चरा रहे एक चरवाहे ने पेड़ से लटका एक शव देखा शव की हालत काफी खराब थी जिससे उसके कई दिन पुराने होने का अनुमान लगाया गया चरवाहे ने महिला के कपड़ों से उसकी पहचान की और तत्काल गांव व परिजनों को सूचना दी परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान सुमनलता बैगा के रूप में की इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई सूचना मिलते ही खैरहा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया थाना प्रभारी उमा शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे में लटका मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है फिलहाल महिला की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

## हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी से



**मीडिया ऑडीटर,सीधी ( निप्र )।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 13 फरवरी से आरंभ हो रही हैं हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित की जा रही है परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एव परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं कक्षा 10वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र शुक्रवार 13 फरवरी को उर्दू विषय का होगा शनिवार 14 फरवरी को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषयों तथा आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का प्रश्न पत्र होगा। मंगलवार 17 फरवरी को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा गुरूवार 19 फरवरी को संस्कृत तथा शुक्रवार 20 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी के प्रश्न पत्र तथा मूक बधिर और दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, गायन वादन, तबला पखावज और कम्प्यूटर का प्रश्न पत्र होगा मंगलवार 24 फरवरी को गणित, शक्रवार 27 फरवरी को विज्ञान तथा सोमवार 2 मार्च को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित होगी अंतिम प्रश्नपत्र शुक्रवार 6 मार्च को हिंदी विषय का होगा।

## मूक-बधिर QR कोड से थाने में कर सकेंगे शिकायत

# भारत का पहला जिला; हर थाने में साइन लैंग्वेज से होगी सुनवाई






**मीडिया ऑडीटर,सीधी ( निप्र )।** मूक-बधिर नागरिकों को न्याय दिलाने की दिशा में जिले ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है अब भारत का पहला जिला बन गया है जहां सभी थानों और पुलिस चौकियों में साइन लैंग्वेज आधारित त्तक्र कोड सिस्टम स्थापित किया जा रहा है यह पहल बेंगलुरु स्थित एक साइन लैंग्वेज कंपनी की ओर से विकसित की गई है जो देशभर में मूक-बधिरों के लिए संचार और अनुवाद के क्षेत्र में कार्यरत है यह बेंगलुरु की कंपनी विशेष रूप से मूक-बधिर और श्रवण बाधित व्यक्तियों की साइन लैंग्वेज को सामान्य भाषा में बदलने का कार्य करती है कंपनी ने एक अत्याधुनिक डिजिटल QR कोड सिस्टम और कॉल सेंटर मॉडल विकसित किया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मूक-बधिर व्यक्ति बिना किसी दुभाषिए के सीधे अपनी बात प्रशासन तक पहुंचा सकें पुलिस अधिकारियों को साइन लैंग्वेज सिस्टम की जानकारी देते विशेषज्ञ QR स्कैन करते ही वीडियो कॉल से शिकायत दर्ज होगी जब कोई मूक-बधिर व्यक्ति सीधी जिले के किसी भी थाने में लगे QR कोड को स्कैन करेगा तो वह सीधे बेंगलुरु स्थित कंपनी के कॉल सेंटर से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ जाएगा कॉल सेंटर में मौजूद प्रशिक्षित वालंटियर उसकी साइन लैंग्वेज को तुरंत समझेंगे और उसे सामान्य भाषा में अनुवाद कर संबंधित थाना प्रभारी या पुलिस स्टाफ को बताएंगे कि व्यक्ति क्या कहना चाहता है और उसकी शिकायत क्या है इस तकनीक को मध्य प्रदेश में लागू करने के लिए कंपनी और मध्य प्रदेश शासन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं इस समझौते के तहत, कंपनी न केवल तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है, बल्कि कॉल सेंटर में प्रशिक्षित वालंटियर, सॉफ्टवेयर सपोर्ट और साइन लैंग्वेज अनुवाद की पूरी जिम्मेदारी भी निभा रही है। इस अभिनव पहल के तहत, आनंद सर्विस सोसायटी मूक-बधिर संस्था, इंदौर के सचिव ज्ञानेंद्र पुरोहित के नेतृत्व में सीधी पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, सभी एसडीओपी, तथा विभिन्न थानों और चौकियों के प्रभारी शामिल रहेंद्र पुरोहित ने बताया कि देश में पहली बार ऐसा हो रहा ह पहले योजनाएं बनीं, लेकिन जमीनी स्तर पर कभी अमल नहीं हुआ।

## शासन ने डामरीकरण सड़क को दी मंजूरी 2 साल के संघर्ष के बाद मिली सफलता

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मध्य प्रदेश शासन ने लीला साहू के दो वर्ष के संघर्ष के बाद एक बहुप्रतीक्षित सड़क के डामरीकरण को स्वीकृति दे दी है इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के कई गांवों को सीधा लाभ मिलेगा और ग्रामीण विकास को गति मिलेगी लीला साहू ने बताया कि उन्होंने गर्भावस्था के दौरान भी इस सड़क के निर्माण की मांग उठाई थी वर्षों से खराब सड़क के कारण ग्रामीणों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था इस समस्या को लेकर लीला साहू ने सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, जिला कलेक्टर तथा अन्य विभागीय अधिकारियों और मंत्रियों से संपर्क किया उन्होंने कई बार ज्ञापन सौंपे, जमीनी हकीकत से अवगत कराया और मीडिया के माध्यम से भी इस मुद्दे को उठाया निर्माण सामग्री लेकर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी निर्माण सामग्री लेकर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी लीला साहू ने इसे पूरे क्षेत्र की जीत बताया उन्होंने जानकारी दी कि डामरीकरण की स्वीकृति मिलने से लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा, जिसकी अनुमानित लागत 3 करोड़ रुपए है। सोमवार को सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है लीला साहू ने मध्य प्रदेश शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय शासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है उन्होंने सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल और पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल सहित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का विशेष धन्यवाद किया, जिन्होंने उनके संघर्ष को गंभीरता से लिया उन्होंने सभी समाचार चैनलों और मीडिया कर्मियों का भी आभार जताया, जिन्होंने इस सड़क की समस्या को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# बजट के वक्त कुछ सवाल

संपादकीय

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निरंतर नौवां बजट लोकसभा में पेश किया है देश की महिला वित्त मंत्री और यह निरंतरताज्वाकई एक कीर्तिमान है 2026-27 के बजट में क्या प्रावधान किए गए हैं किसके हिस्से, कितनी राशि आवंटित की गई है विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के क्या अंतर्विरोध और खामियां हैं करीब 378 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था में आम आदमी कितना सम्पन्न है उसकी जेब में कितना पैसा है इनमें से कुछ विसंगतियों का विश्लेषण आज कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का तीसरा बजट देश के सामने है लेकिन हम पहले कुछ बुनियादी सवाल उठा रहे हैं बेशक हम चौथी आर्थिक महाशक्ति हैं लेकिन भारत में आज भी प्रति व्यक्ति आय 2.34 लाख रुपए सालाना क्यों है और देश विश्व में 140वें स्थान पर क्यों है बीते पांच साल में हमारा निर्यात क्यों नहीं बढ़ रहा है और आयात का बोझ बढ़ता जा रहा है नतीजतन 2024-25 में व्यापार घाटा 24 लाख करोड़ रुपए है बीते 10 सालों के दौरान विदेशी निवेश में गिरावट क्यों जारी है ताजा आंकड़ों के मुताबिक नवंबर 2025 में विदेशी निवेश 9730 करोड़ रुपए था जो 63 फीसदी कम हुआ है घरेलू बड़ी कंपनियां भी अपने देश में निवेश बहुत कम कर रही हैं जबकि विदेशों में उनका निवेश 14 अरब डॉलर से बढ़ कर 24 अरब डॉलर तक पहुंच गया है कारपोरेट का यह नकारात्मक रुख क्यों है 'आर्थिक सर्वेक्षण' में हमारी जीडीपी की विकास दर 6.8 फीसदी से 7.2 फीसदी का अनुमान दिया गया है, लेकिन डॉलर की तुलना में हमारी मुद्रा 'रुपए' का अवमूल्यन देखें तो यह विकास दर मात्र 1.5 फीसदी बनती है। क्या इसी आधार पर भारत 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बन सकता है? हमारे 11 बड़े राज्यों पर अभूतपूर्व कर्ज है और देश पर भी कर्ज का बोझ करीब 225 फीसदी बढ़ गया है नतीजतन प्रत्येक भारतीय पर औसतन 4.8 लाख रुपए का कर्ज है अर्थव्यवस्था की कौन-सी गुलाबी तस्वीर पेश की जा रही है कुछ और तथ्य गौरतलब हैं एक साल में देश की आईटी की 5 प्रमुख कंपनियों में मात्र 17 नौकरियां दी गई है बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी की जो दरें हमारे सामने आती हैं वे सरकारी और अर्द्धसत्य हैं।

## तो इन्हें सताता है देश की बदनामी का डर?


**तनवीर जाफ़री**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के नेता व समर्थक अक्सर यह आरोप लगाते रहते हैं कि वे विदेशी की धरती पर भारतीय राजनीति, संस्थानों चुनाव आयोग, न्यायपालिका या भारतीय मीडिया व सरकार की आलोचना करके देश की छवि को ख़राब करते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि भाजपा इसे देश-विरोधी या भारत को बदनाम करने की साज़िश तक बताती है सवाल यह है कि आख़िर किन बातों से देश की बदनामी होती है और बदनामी और नेकनामी का पैमाना है क्या? याद कीजिये जब राहुल गांधी ने 2023 में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी (यूके) में कहा कि भारत में विपक्ष को दबाया जा रहा है और चीन का ख़तरा समझा नहीं जा रहा है इसमें राहुल ने क्या ग़लत कहा था परन्तु भाजपा ने राहुल के इस सच्चाई भरे वक्तव्य को भारत को बदनाम करना बताया था इसी तरह जब 2023 में कोलंबिया की एक यूनिवर्सिटी में राहुल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और कुछ बड़े व्यापारियों का अर्थव्यवस्था पर क़ब्ज़ा है तब भी भाजपा ने इसे राहुल द्वारा विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करना बताया था अभी कुछ समय पूर्व ही जब राहुल गाँधी ने बर्लिन (जर्मनी) में चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और कहा कि हरियाणा चुनाव में धांधली हुई उस समय भी भाजपा ने इसे संस्थानों को बदनाम करने की साज़िश बताया था राहुल गाँधी के ऐसे आरोपों से भाजपा इतना तिलमिला जाती है कि वह राहुल की आलोचना को एंटी-इंडिया फ़ोर्सेज़ से जोड़कर कांग्रेस को कमज़ोर करने की कोशिश करने लगती है यहाँ तक कि कुछ भाजपा नेता इसे चाइना की तारीफ़ या विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने तक के रूप में परिभाषित कर देते हैं भाजपाई कहते हैं कि इससे भारत की ग्लोबल इमेज ख़राब होती है इस विषय पर कांग्रेस व राहुल गाँधी का कहना है कि वे सिर्फ़ सच्चाई बोलते हैं और आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है लिहाज़ा राहुल भाजपा के आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहते हैं कि चीन जैसे मुद्दों पर तो मोदी ख़ुद ही विदेश में भारत को बदनाम करते हैं कुछ का मत है कि राहुल विदेश में कुछ नया नहीं कहते वे भारत में भी यही कहते हैं कांग्रेस के अनुसार समस्या चुनावी प्रक्रिया में है न कि आलोचना में कांग्रेस इसे साइलेंट करने की कोशिश बताती है और सच भी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक नेता प्राय: विदेश में अपनी सरकार की आलोचना करते हैं और यह फ़्री स्पीच का हिस्सा माना जाता है। इससे देश की बदनामी नहीं होती बल्कि इससे किसी भी देश के लोकतान्त्रिक मूल्य नज़र आते हैं दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी कि ऐसे भी कोई प्रमाण नहीं है कि विदेश में की गयी राहुल की बातों से भारत की अर्थव्यवस्था निवेश या कूटनीति पर कभी कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा हो सरकार ख़ुद ही तो बताती रहती है कि भारत की जी डी पी ग्रोथ और ग्लोबल रैंकिंग मज़बूत बनी हुई है इसी तरह राहुल गांधी व कांग्रेस के कई नेता नरेंद्र मोदी पर भी यह आरोप लगा चुके हैं कि वे विदेशी धरती पर भारत या पिछले 70 वर्षों के शासन की आलोचना कर देश को बदनाम करते हैं नरेंद्र मोदी ने 2014 से 2023 के दौरान देश विदेश में कई बार यह दोहराया कि पिछले 70 सालों में भारत में कुछ ख़ास नहीं हुआ, पहले लोग भारत में जन्म लेना दुर्भाग्य मानते थे या 70 साल में विकास नहीं हुआ। इसी तरह मोदी ने 2022 में रूस में एक कार्यक्रम में भारत के पिछड़ापन, ग़रीबी या पिछली सरकारों की कमियों पर बात की थी अमेरिका, यूके या अन्य देशों में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने अक्सर पूर्व सरकारों की कमज़ोर विदेश नीति, उनके घोटालों या उस दौर में विकास की कमी पर ज़ोर दिया है कांग्रेस भी मोदी की इन बातों को भारत की बदनामी बताती है। कांग्रेस के अनुसार, मोदी ने कम से कम 4-5 बार विदेश में ऐसा कहा कि कांग्रेस शासन में भारत को दुनिया ने गंभीरता से नहीं लिया या पिछले शासकों ने देश को कमज़ोर बनाया आदि कांग्रेस इसे भारत और भारतीयों ख़ास तौर से पिछली पीढ़ियों का अपमान मानती है क्योंकि यह कांग्रेस के शासन काल को नकारात्मक रूप से पेश करता है।

> **वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता की प्रगति के साथ - साथ मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जटिलताएँ भी बढ़ती गई हैं। इन्हीं जटिलताओं से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर विषय है, आत्महत्या। यह केवल किसी व्यक्ति का निजी निर्णय नहीं होता, बल्कि इसके पीछे सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कारकों का गहरा प्रभाव होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर आत्महत्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक माना जाता है।**

# सभी देशों को आत्महत्या रोकथाम को अपनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनाना समय की माँग

**किशन सनमुखदास भावनानी**



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 7 लाख लोग आत्महत्या करके अपनी जान गंवाते हैं, जिसका अर्थ है कि हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं,बल्कि वैश्विक संकट है। जिसका समाधान अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मिट बुलाकर करना समय की मांग है। बता दे भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति की घोषणा की है।यह देश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है जिसमें वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर में 10 पर्सेंट की कमी लाने के लिये समयबद्ध कार्य योजना और बहु-क्षेत्रीय सहयोग शामिल है।यह रणनीति आत्महत्या की रोकथाम के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र रणनीति के अनुरूप है।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या क्या है और क्यों की जाती है? किस देश में सबसे ज्यादा आत्महत्या होती है?इसको समझने की करें तो, आत्महत्या का सामान्य अर्थ है, व्यक्ति द्वारा जानबूझकर अपनी जान लेना। यह निर्णय किसी क्षणिक आवेग का नहीं, बल्कि लंबे समय तक चले मानसिक और सामाजिक दबाव का परिणाम होता है। डब्लूएचओ की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, आत्महत्या करने वालों में से लगभग 77 पर्सेंट लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों से होते हैं,जहाँ मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ सीमित होती हैं और सामाजिक कलंक के कारण लोग मदद माँगने से कतराते हैं। आत्महत्या के मुख्य कारणों में डिप्रेशन,बाइपोलर डिसऑर्डर, सिज़ोफ्रेनिया, नशे की लत, तथा सामाजिक अलगाव प्रमुख हैं। इसके अलावा रिश्तों में असफलता, बेरोजगारी, आर्थिक तंगी,घरेलू हिंसा और युवाओं पर शिक्षा व करियर का दबाव भी आत्महत्या के प्रमुख कारक हैं।वैश्विक स्तर परआत्महत्या की दर हर देश में अलग-अलग है।डब्ल्यूएचओ की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि लिथुआनिया दक्षिण कोरिया,रूस, गुयाना और जापान जैसे देशों में प्रति 1 लाख आबादी पर आत्महत्या दर सबसे अधिक दर्ज की गई है। उदाहरण के लिए, लिथुआनिया में यह दर लगभग 25.7 प्रति 1 लाख है, जबकि दक्षिण कोरिया में लगभग 20.2 प्रति 1 लाख। वहीं भारत और चीन जैसे देशों में कुल आत्महत्याओं की संख्या सबसे अधिक है,क्योंकि यहाँ जनसंख्या बहुत बड़ी है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरब) 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में 1.64 लाख से अधिक आत्महत्याएँ दर्ज की गई, यांनें हर दिन औसतन 450 से अधिक लोग आत्महत्या करते हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या दैनिक वेतन बोगियों, छात्रों और किसानों की है। जापान में आत्महत्या लंबे समय से सामाजिक समस्या रही है,जहाँ हर साल लगभग 20,000 से अधिक लोग जीवन समाप्त कर लेते हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती होने की करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह स्वीकार किया गया है कि आत्महत्या को केवल व्यक्तिगत समस्या मानना उचित नहीं है।डब्ल्यूएचओ और अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ (आईएएसपी) के विशेषज्ञ मानते हैंकि आत्महत्या दरअसल मानसिक,सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों का परिणाम है।2021 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं के पीछे गरीबी, सामाजिक असमानता, लैंगिक भेदभाव और शिक्षा का अभाव जैसी समस्याएँ भी प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं।युवाओं मेंआत्महत्या की दर विशेष रूप से चिंताजनक है।15-29 वर्ष आयु वर्ग में आत्महत्या मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण है। डिजिटल युग में साइबर बुलिंग, ऑनलाइन दबाव और सोशल मीडिया की अवास्तविक अपेक्षाएँ भी युवाओं को आत्महत्या की ओर धकेल रही हैं। साथियों बात अगर हम आत्महत्या रोकने के उपायों की करें तो शोध और डेटा संग्रह आत्महत्या रोकथाम की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। डब्लूयुएचओ की मेन्टल हेल्थ अटलस 2020 रिपोर्ट बताती है कि दुनियाँ के 80 पर्सेंट से अधिक देशों में आत्महत्या से संबंधित डेटा उपलब्ध नहीं है या अधूरा है। इससे नीतियों का निर्माण कठिन हो जाता है। आईएएसपी लगातार इस दिशा में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा दे रहा है। अमेरिका और यूरोप के देशों ने आत्महत्या रोकथाम पर व्यापक शोध कियाद्द है,जिससे यह साबित हुआ है कि कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी), साइकोसोशल सपोर्ट, हेल्पलाइन सेवाएँ और सामुदायिक सहयोग आत्महत्या रोकने में बहुत प्रभावी हैं।पेशेवरों को प्रशिक्षित करना भी इस दिशा में अत्यंत आवश्यक है डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाँ भर में प्रति 1 लाख लोगों पर औसतन केवल 13 मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर हैं, जबकि विकसित देशों में यह अनुपात बहुत अधिक है। इस असमानता के कारण निम्न और मध्यम आय वाले देशों में आत्महत्या रोकथाम चुनौतीपूर्ण बन जाती है। यदि डॉक्टर, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिसकर्मी आत्महत्या के संकेतों को पहचानने और सही समय पर हस्तक्षेप करने में प्रशिक्षित हों, तो कई जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्याओं को रोकने के लिए शिक्षा और संवाद की आवश्यकता सबसे मजबूत हथियार होने की करें तो, आईएएसपी और डब्लूयुएचओ दोनों ही यह मानते हैं कि सार्वजनिक जागरूकता से आत्महत्या की प्रवृत्ति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डब्लूयुएचओ की 2022 की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद बढ़ाने से आत्महत्या दर में 20 पर्सेंट तक की कमी लाई जा सकती है।आज भी अधिकांश समाजों में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को लेकर सामाजिक कलंक मौजूद है। लोग इस विषय पर बात करने से कतराते हैं।इसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित व्यक्ति अकेलेपन और शर्मिंदगी का शिकार हो जाता है। युवाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देना और उन्हें यह समझाना कि मदद माँगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस है,अत्यंत आवश्यक है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में काउंसलिंग सेवाएँ, हेल्पलाइन नंबर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएँ शुरू करना उपयोगी साबित हो सकता है। उदाहरण के लिए, दक्षिण कोरिया और जापान ने स्कूल स्तरपरमानसिक स्वास्थ्य शिक्षा लागू की है, जिससे आत्महत्या की दर कम करने में मदद मिली है।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या की रोकथाम के वैज्ञानिक और सामाजिक उपायों की करें तो,आत्महत्या रोकथाम के लिए बहुआयामी उपाय आवश्यक हैं।डब्लूयुएचओ की लाइव लाइफ रणनीति (2021) में चार प्रमुख उपाय सुझाए गए हैं (1) हानिकारक साधनों की उपलब्धता को कम करना (जैसे कीटनाशक, आग्नेयास्त्र,दवाइयाँ), 2 मीडिया रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार दिशानिर्देश बनाना 3 किशोरों और युवाओं में सामाजिक व भावनात्मक कौशल विकसित करना 4 जल्दी पहचान और सहायता उपलब्ध कराना।इन उपायों से आत्महत्या की दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उदाहरण के लिए, श्रीलंका ने कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाकर आत्महत्या की दर को 70 पर्सेंट तक घटा दिया। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने हेल्पलाइन और काउंसलिंग सेवाओं का विस्तार करके आत्महत्या रोकथाम में सफलता प्राप्त की हैं।

साथियों बात अगर हम इसका रोकथाम दिवस मनाकर इसपर जबरदस्त नियंत्रण की करें तो,10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है,आत्महत्या की समस्या वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही संभव है।डब्लूएचओ आईएएसपी और यूएन लगातार आत्महत्या रोकथाम पर काम कर रहे हैं।

जिसका उद्देश्य जागरूकता फैलाना और सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है।भविष्य की दिशा यह होनी चाहिए कि सभी देश आत्महत्या रोकथाम को अपनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनाएँ। डिजिटल तकनीक का उपयोग करके एआई आधारित हेल्पलाइन, 24×7 ऑनलाइन काउंसलिंग मोबाइल एप्स विकसित किए जाएँ, ताकि संकट की घड़ी में लोग तुरंत मदद पा सकें। इसके अलावा आत्महत्या के प्रयास करने वालों को अपराधी मानने की बजाय रोगी समझा जाए और उन्हें उचित चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाए।

अतः अगर हम अपने पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इस प्रकार आँकड़ों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के आधार पर यह स्पष्ट है कि आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है बल्कि एक जटिल सामाजिक और वैश्विक चुनौती है। इसके समाधान के लिए सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों समुदायों और परिवारों को मिलकर काम करना होगा।

# कर्तव्य भवन से क शदों से सरोबार केंद्रीय बजट 2026

**केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मल सीता रमणजी ने संसद में बजट 2026 अपने कार्यकाल में लगातार 9वां भाषण पढ़ते हुए क शब्दों की कशीदाकारी करते हुए बजट को कुशलतापूर्वक प्रस्तुत किया है बड़े शहरों के बीच पर्यावरण-अनुकूल और तेज़ यात्री परिवहन के लिए नए हाईस्पीड रेल कॉरिडोर मुंबई-पुणे,पुणे-हैदराबाद, चेन्नईबेंगलुरु,हैदराबाद-चेन्नई हैदराबाद बेंगलुरु दिल्ली-वाराणसी, वाराणसी-सिलीगुड़ी के साथ कैपेक्स में रिकॉर्ड बढ़ोतरी उम्मीद के साथ 2026-27 में पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये, जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार को गति मिलेगी।**

**प्रो.डा.धर्मेंद्र मेहता**

क्लाउड विदेशी सेवा प्रदाताओं को 2047 तक टैक्स हॉलीडे,के साथ कर विवादों में राहत दंड व अभियोजन प्रक्रियाओं का सरलीकरण, कम प्री-डिपॉज़िट और मुकदमेबाज़ी घटाने के उपाय,

कृत्रिम अंग निर्माण प्रोत्साहन योजना ,क्रेडिट सब्सिडी डेयरी-पोल्ट्री वैल्यू चैन कॉरिडोर (इंडस्ट्रियल) के पास 5 यूनिवर्सिटी कैंपस के साथ कल्चर टूरिज्म कल्चरल टूरिज्म सम्वर्द्धन हेतु नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना मील का पत्थर सिद्ध होगा। हेल्थकेयर क्षेत्र में भी क

1.5 लाख केयरगिवर्स को ट्रेनिंग, कनेक्टिविटी जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने हेतु सी-प्लेन निर्माण को बढ़ावा, म्युनिसिपल बॉन्ड से इंफा फंडिंग, सरकार इंडिया सेमी-कंडक्टर मिशन 2.0 लॉन्च एवं कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग इलेक्ट्रॉनिक् के लिए आवंटन बढ़ाकर ?40,000 करोड़ किया जाना इस बजट के सराहनीय क शब्दों नवाचारो की पूरी श्रृंखला प्रस्तुत करते हैं अनेक




विशेषज्ञों के साथ यह तथ्य स्वीकारना होगा कि तीन कर्तव्यों पर आधारित बजट आर्थिक वृद्धि तेज़ करना, लोगों की क्षमता निर्माण और सबका साथ-सबका विकास के विज़न को मज़बूती देने के साथ, आज भले ही अति लोकलुभावन परिलक्षित नहीं होता है परंतु काजू, नारियल, कोको, कपड़े, कैंसर की 17 दवाएं जैसे उत्पादों का सस्ता होना सामाजिक सरोकारों संवेदनाओ का स्पष्ट प्रमाणिकरण है कल्चरल डेस्टिनेशन संवर्धन मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों जैसे खजुराहो और भेड़ाघाट को वाइब्रेंट कल्चरल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा।16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत राज्यों को मिलने वाले 1.4 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय अनुदान से मध्य प्रदेश को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक राशि प्राप्त होगी। साथ ही, 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय और छोटे उद्योगों के लिए 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई ग्रोथ फंड से यह उम्मीद की जा सकती है कि राज्य के औद्योगिक गलियारों सड़को की सूरत बदल जाएगी।5 लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर-2 और 3 के शहरों के डेवलपमेंट के लिए 11.2 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। 2026-27 में इसे बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ करेंगे। इनमें टियर-2 और टियर-3 शहरों में एमपी के भोपाल, इंदौर को फायदा मिलेगा। साथ ही ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर जैसे जिले भी विकसित होंगे। एनीमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए देश के 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स स्थापित किए जाने की घोषणा की। इस प्रकार 2018 में शुरू की गई किसानों को 6,000 रुपये देने वाली किसान सम्मान निधि योजना में शीघ्र संशोधन की आवश्यकता है पीएफ, ईएसआई और बोनस की सीमा बढ़ाके सामाजिक सुरक्षा के दायरे में वृद्धि औरआंगनवाड़ी, आशा, मिड-डे मील जैसे योजना कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी की संभावना अभी भी संशोधित प्रस्तावों में सम्मिलित होने से एक बड़े वर्ग को अभी भी बड़ी राहत की उम्मीद है।

वर्ष 2026-27 के संदर्भ में, गैर-ऋण प्राप्तियां और व्यय क्रमशः ?36.5 लाख करोड़ और ?53.5 लाख करोड़ अनुमानित हैं। केंद्र की शुद्ध कर प्राप्तियां ?28.7 लाख करोड़ अनुमानित हैं।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय का दल पहुंचा फॉसिल्स पार्क 29 करोड़ वर्ष प्राचीन समुद्री जीवाश्मों का किया अध्ययन, शोधार्थी हुए रोमांचित





मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)। मध्य प्रदेश स्थित डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. के.के. प्रजापति एवं डॉ. एस. सेल्वकुमार के नेतृत्व में एम.टेक द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) के 27 छात्र-छात्राओं का दल मनेन्द्रगढ़ स्थित एशिया के सबसे बड़े गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क के भ्रमण एवं शोध अध्ययन हेतु पहुंचा। दल के सदस्यों ने पार्क में संरक्षित लगभग 29 करोड़ वर्ष प्राचीन समुद्री जीवाश्मों का अवलोकन किया इतने प्राचीन जीवाश्मों को प्रत्यक्ष देखकर छात्र-छात्राएं अत्यंत उत्साहित एवं आश्चर्यचकित नजर आए यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम के साथ-साथ व्यावहारिक एवं क्षेत्रीय अध्ययन की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ इस अवसर पर पुरातत्व/पर्यटन विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विनोद पांडेय एवं पुरातत्व संघ के सदस्य विद्याधर गर्ग ने फॉसिल्स पार्क में स्थल पर प्राप्त जीवाश्मों तथा इंटरप्रिटेशन बिल्डिंग में प्रदर्शित जीवाश्मों की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र गोंडवाना काल के समुद्री जीवन का महत्वपूर्ण प्रमाण प्रस्तुत करता है विशेषज्ञों द्वारा यहां पाए जाने वाले मोलस्का, यूरीडेस्मा एवं एकिलोपेक्टेन जैसे समुद्री जीवाश्मों के वैज्ञानिक एवं भूवैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला गया इसके साथ ही वन विभाग द्वारा पत्थरों पर उकेरी गई समुद्री जीवों की आकृतियों एवं शिल्पकला की भी जानकारी दी गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विशेष रुचि दिखाई भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जीवाश्मों के निर्माण संरक्षण एवं उनके भू-वैज्ञानिक महत्व से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार पूर्वक समाधान किया दल में मिनिरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के सीनियर जियोलॉजिस्ट बंटी कुमार, सीनियर टेक्नीशियन अंकित लोधी सहित सागर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में अच्युत कुमार, एलीना, एलेन, अमन, अनुष्का, बिष्टि, धृती एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे भ्रमण के अंत में विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों एवं छात्र-छात्राओं ने फॉसिल्स पार्क प्रबंधन एवं पुरातत्व विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को वास्तविक क्षेत्रीय अध्ययन का अवसर मिलता है जिससे उनकी शोध क्षमता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण सुदृढ़ होता है।

## कोलारस में हाईवे किनारे गुमटी से चोरी कुर्सी, बर्तन और गैस टंकी चुरा ले गए चोर



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** कोलारस थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे लगी एक नाश्ते की गुमटी से अज्ञात चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर अंदर रखा सारा सामान साफ कर दिया पीड़ित दुकानदार ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है जानकारी के अनुसार, माखनलाल उर्फ मक्खू कुशवाह (49), निवासी केपीएस स्कूल के पीछे, मित्तल स्कूल के पास, हाईवे किनारे नाश्ते की दुकान चलाते हैं 1 फरवरी की शाम करीब 7:30 बजे वे रोज की तरह दुकान बंद कर सारा सामान गुमटी के अंदर रखकर ताला लगाकर घर चले गए थे दुकान खोलकर देखा तब चोरी का पता चला 2 फरवरी की सुबह जब उनके बेटे रामकुमार दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि गुमटी का ताला टूटा हुआ था अंदर रखा सारा सामान गायब था यह देखकर उन्होंने तुरंत अपने पिता को सूचना दी चोर गुमटी से 5 छोटी-बड़ी कड़ाही, एक भट्टी, एक भगोना, चार थाल, एक गैस टंकी, राजश्री और विमल के पैकेट, पॉप्स, 10 कुर्सियां, पलटा, झज्जर समेत अन्य सामान चुरा ले गए चोरी गए सामान की कीमत करीब 10 से 12 हजार रुपये बताई जा रही है पीड़ित माखनलाल कुशवाह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कोलारस थाने में आवेदन दिया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध ईंट भट्टों पर प्रशासन का बड़ा प्रहार 19 ईंट भट्टों पर एक साथ की गई संयुक्त कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** नगर निगम क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों के संबंध में लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों को जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया गया कलेक्टर के निर्देश पर 29 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा व्यापक संयुक्त कार्रवाई की गई इस संयुक्त कार्रवाई में राजस्व विभाग, खनिज विभाग, पुलिस विभाग एवं वन विभाग की टीम शामिल रही संयुक्त दल द्वारा चिरमिरी क्षेत्र के इंदनागर, टिकरापारा एवं भण्डार देई क्षेत्रों में संचालित ईंट भट्टों का निरीक्षण किया गया जांच के दौरान कुल 19 ईंट भट्टे अवैध रूप से संचालित पाए गए जिन पर तत्काल कार्रवाई की गई संबंधित ईंट भट्टा संचालकों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिवत कानूनी कार्रवाई की जाएगी प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन, अवैध ईंट भट्टों का संचालन एवं नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पर्यावरण संरक्षण, राजस्व हितों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आगे भी इस प्रकार की सघन एवं सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी जिला प्रशासन ने अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाए जाने की चेतावनी दी है।

## भारत बंद के दौरान बवाल नरवर-करेरा में मारपीट, तोड़फोड़ 20 पर FIR, करणी सेना ने निर्दोषों को फंसाने का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** यूजीसी कानून के विरोध में रविवार को भारत बंद के दौरान नरवर कस्बे के धुवाई चौराहा क्षेत्र में तनाव बढ़ गया नेहा इलेक्ट्रिकल्स के संचालक राजेन्द्र सिंह कुशवाह (31), निवासी वार्ड 2, नरवर ने थाना नरवर में शिकायत दर्ज कराई राजेन्द्र के अनुसार 1 फरवरी को दोपहर करीब 1:30 बजे गौरव सोलंकी, ऋषभ वैश, संतोष राजपूत, जैक सोलंकी, मोनू सोलंकी, लक्की श्रीवास्तव, सुमित शर्मा, शिवम परमार, धीरु शर्मा, रंजीत ठाकुर, गिर्राज ठाकुर, बांबी ठाकुर और रोहित ठाकुर सहित 40-50 लोग उनकी दुकान के सामने आए और दुकान बंद करने का दबाव बनाया विरोध करने पर उन्होंने मारपीट की और सामान फेंककर नुकसान किया नरवर पुलिस ने इस मामले में 14 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 191(2), 190, 115(2) और 324(4) बीएनएस के तहत FIR दर्ज की है करेरा में तोड़फोड़ और मारपीट करेरा में भी भारत बंद के दौरान हिंसक घटनाएं हुईं भाजपा के बजट कार्यक्रम में प्रदर्शनकारियों ने कुर्सियां फेंकी और तोड़फोड़ की जिससे कार्यक्रम रद्द करना पड़ा इसके अलावा टीला रोड स्थित एक ऑनलाइन और स्टेशनरी दुकान में भी मारपीट और तोड़फोड़ हुई दुकानदार आशीष भगदेरिया की शिकायत पर करेरा पुलिस ने कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है। सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने प्राप्त किया है करणी सेना ने आरोप लगाया कि नरवर में दर्ज स्नड्डक्र में ऐसे लोगों के नाम शामिल किए गए हैं जो घटना के समय नरवर में मौजूद ही नहीं थे करणी सेना के राष्ट्रीय महासचिव अतुल प्रताप सिंह ने कहा कि अरुण प्रताप सिंह सोलंकी उर्फ मोनू सोलंकी उस समय अहमदाबाद में थे और इसके प्रमाण भी मौजूद हैं संगठन ने कहा कि वीडियो और फोटो में दिख रहे लोग FIR में दर्ज नामों से मेल नहीं खाते उन्होंने इसे राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाई बताया और विरोध की चेतावनी दी पुलिस दोनों जगहों की घटनाओं की जांच कर रही है।

## प्रार्थना-सभा की आड़ में धर्मांतरण : बजरंग दल के नेता बोले- प्रलोभन देकर करा रहे धर्म परिवर्तन



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** प्रार्थना सभा के नाम पर हिंदुओं का ब्रेनवॉश कर धर्मांतरण कराने का आरोप लगा है बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया जांच में पता चला कि प्राइवेट मकान में बिना अनुमति के प्रार्थना सभा आयोजित की गई थी पुलिस ने ईसाई धर्म से जुड़े लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है दरअसल, बजरंग दल से जुड़े नेता और कार्यकर्ताओं को रविवार को जानकारी मिली कि, सरकंडा थाना क्षेत्र के राजकिशोर नगर स्थित एक मकान में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है यहां हिंदुओं को बुलाकर प्रलोभन देकर और उनकी बीमारी ठीक करने का दावा किया जा रहा है बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया मकान में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था बजरंग दल के जिला संयोजक गौरव धनकर और कार्यकर्ताओं ने इस मामले की जानकारी सरकंडा पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तब पता चला कि रॉयल पैलेस के पीछे रहने वाले जेम्स सिंह के मकान में प्रार्थना सभा आयोजित की गई है।

### स्कूल-शिक्षकों के खिलाफ सोशल मीडियो पर अभद्र टिप्पणी

## फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट किए, एक अकाउंट बंद होने पर दूसरा बनाया




**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** खनियाधाना थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर स्कूल को बदनाम करने का मामला सामने आया है अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर avps_confession नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर आचार्य विध्यासागर पब्लिक स्कूल से जुड़ी आपत्तिजनक तस्वीरें और रील्स पोस्ट कीं, जिससे स्कूल की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई शिक्षकों की फोटो लगाकर की अभद्र टिप्पणी उप-प्राचार्य अमित कुमार बसक ने बताया कि इन पोस्ट्स में शिक्षकों और छात्रों के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया एक तस्वीर में उप-प्राचार्य अमित कुमार बसक और शिक्षक भारतेन्दु खरे की फोटो लगाकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी लिखी गई जिससे शिक्षकों के सम्मान और स्कूल की प्रतिष्ठा पर असर पड़ा दूसरा फर्जी अकाउंट बनाकर किए पोस्ट मामला यहीं नहीं रुका अगले दिन avps factcheck नाम से एक और फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया गया जिससे फिर से आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए गए अन्य शिक्षकों-विकास कौरव रेनू तिवारी, आशुकेश मंडल, नितिन गुप्ता और यशोदा बाथम-ने भी इस तरह की सामग्री की जानकारी दी घटना की जानकारी स्कूल के चेयरपर्सन शांति कुमार जैन को दी गई, जिनके निर्देश पर खनियाधाना थाने में शिकायत दर्ज कराई गई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि फर्जी अकाउंट किसने बनाए और इसके पीछे क्या मंशा थी।

## सवर्ण समाज ने रैली निकालकर जताया विरोध, कलेक्ट्रेट का घेराव कर जमकर की नारेबाजी



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** रैली देवकीनंदन चौक से शुरू होकर कलेक्ट्रेट पहुंची जहां प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट का घेराव कर हंगामा किया इस दौरान कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया 'यूजीसी एक्ट वापस लो' लगे नारे दरअसल, सोमवार दोपहर देवकीनंदन चौक से जैसे ही रैली शुरू हुई पूरा इलाका नारेबाजी से गूंज उठा हाथों में बैनर-तख्तियां लिए सवर्ण समाज के लोग यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ आक्रोश जताते हुए कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े **'यूजीसी एक्ट वापस लो'** जैसे नारों से माहौल गरमाया रहा दोपहर में रैली कलेक्ट्रेट पहुंची जहां प्रदर्शनकारियों ने घेराव कर विरोध दर्ज कराया इस दौरान समाज के बुजुर्गों ने कहा कि यूजीसी के नए नियम शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ हैं और इससे समाज में असंतुलन पैदा होगा आरक्षण नहीं लेने वाले सभी समाज के लोग आए नजर प्रदर्शन में केवल सवर्ण समाज ही नहीं बल्कि आरक्षण का लाभ नहीं लेने वाले अन्य समाजों के लोग भी शामिल नजर आए इससे यह साफ दिखा कि मुद्दा सिर्फ एक वर्ग का नहीं, बल्कि व्यापक जनहित से जुड़ा है प्रदर्शन के दौरान यूजीसी के नए एक्ट को शिक्षा और समाज के लिए नुकसानदायक बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गई हाथों में तख्तियां और बैनर लिए प्रदर्शनकारी यूजीसी एक्ट वापस लो शिक्षा के साथ खिलवाड़ बंद करो जैसे नारे लगाते नजर आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार तय करे अपना रूख समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि, आजादी के बाद से सवर्ण समाज के साथ अन्याय हो रहा है।

# ग्राम पंचायतों में विकसित भारत जी-राम-जी योजना का प्रचार-प्रसार 125 दिन रोजगार की जानकारी, जनसंवाद से बढ़ी जागरूकता





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम-2025 के तहत विकसित भारत जी-राम-जी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करना है योजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर पम्पलेट वितरण कर श्रमिकों तक जानकारी पहुंचाई जा रही है साथ ही नरेगा कार्य स्थलों पर जनसंवाद के माध्यम से श्रमिकों को यह बताया गया कि अब पूर्व में मिलने वाले 100 दिनों के रोजगार के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों में वृद्धि होगी ग्राम पंचायत नारायणपुर, लाई, बुंदेली, बंजी, मुक्तियारपारा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में नरेगा के अंतर्गत संचालित आजीविका डबरी निर्माण कार्य एवं नवीन तालाब निर्माण कार्य स्थलों पर यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए इन कार्यस्थलों पर कुल 110 पुरुष एवं 108 महिला श्रमिकों ने सहभागिता की कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को विकसित भारत जी-राम-जी योजना के अंतर्गत मजदूरी भुगतान की पारदर्शी व्यवस्था, समयबद्ध भुगतान, जनसंवाद एवं जनसहभागिता की प्रक्रिया की जानकारी दी गई श्रमिकों को उनके अधिकारों, कार्य प्रणाली एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लाभों से भी अवगत कराया गया इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, ग्रामीणजन एवं नरेगा श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पीएनजी ड्राइव 2.0 1 जनवरी से 31 मार्च तक चलेगा राष्ट्रव्यापी अभियान

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** सरगुजा संभाग में स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पीएनजी ड्राइव 2.0 अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर दिया गया है कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने इस अभियान को समर्थन देते हुए सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया जिलों में पीएनजी एवं सीएनजी को तेजी से अपनाने की अपील की है राष्ट्रव्यापी अभियान 1 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) एवं कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (CNG) के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु यह राष्ट्रव्यापी अभियान 1 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है अभियान को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (PNGRB) द्वारा प्रारंभ किया गया है, जिसे भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) सहित सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन संस्थाओं के सहयोग से लागू किया जा रहा है राष्ट्रीय पीएनजी ड्राइव 2.0 भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है इसका उद्देश्य घरेलू, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों में पीएनजी कनेक्टिविटी का विस्तार करना, परिवहन क्षेत्र में सीएनजी बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाना तथा निष्क्रिय गैस कनेक्शनों को सक्रिय कर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्राकृतिक गैस की खपत बढ़ाने के दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करता है साथ ही यह भारत की वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन की प्रतिबद्धता तथा वर्ष 2030 तक जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में 45 प्रतिशत कमी के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप है।

# शहडोल में लापता नवविवाहिता का शव जंगल में मिला

## 10 दिन बाद पेड़ से लटका मिला, चरवाहे ने दी परिवार को सूचना



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल जिले के खैरहा थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला है। 23 वर्षीय सुमनलता बैगा बीते 23 जनवरी से लापता थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव करीब दस दिन पुराना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम हरदी निवासी सुमनलता बैगा (23 वर्ष) अपने पति सुरेश कुमार बैगा के साथ रहती थीं। वह 23 जनवरी को अचानक घर से लापता हो गई थीं। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश की। कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों ने खैरहा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस भी परिजनों के साथ महिला की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम हरदी से लगभग दो किलोमीटर दूर पिपरहा जंगल में मवेशी चरा रहे एक चरवाहे ने पेड़ से लटका एक शव देखा। शव की हालत काफी खराब थी, जिससे उसके कई दिन पुराने होने का अनुमान लगाया गया।चरवाहे ने महिला के कपड़ों से उसकी पहचान की और तत्काल गांव व परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान सुमनलता बैगा के रूप में की। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही खैरहा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी उमा शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे में लटका मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल महिला की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

## मुरैना में यात्री बस ने खड़ी ई-रिक्शा को टक्कर मारी

**मुरैना (निप्र)।।** मुरैना में एनएच 552 खैरा मोड़ के पास सोमवार सुबह 10 बजे को एक खड़े हुए ई-रिक्शा में तेज रफ्तार यात्री बस ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में ई-रिक्शा में बैठी महिला नीचे गिर गई। जिससे बस का टायर महिला के ऊपर से निकल गया महिला की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य पांच लोग घायल हो गए। घायल सभी ही परिवार के लोग है। घायलों में एक मृतिका का बेटा भी शामिल है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**बस ने ई रिक्शा को मारी टक्कर :** माता बसैया थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 552 खैरा मोड के पास एक तेजराफ्तर बस ने साइड से खड़े ई रिक्शा को टक्कर मार दी। शीतला बस की यात्री बस क्रमांक ख्ञ्श्6 श्च 0524 मुरैना से अंबाह की तरफ जा रही थी, तभी खैरा मोड पर बस चालक की लापरवाही से बस ने साइड में खड़े ई रिक्शा को टक्कर मार दी।

# पचमढ़ी घूमने जा रहे युवकों की कार पलटी:भोपाल के युवक की मौत, तीन घायल



**नर्मदापुरम,(निप्र)।** नर्मदापुरम जिले के पिपरिया स्टेट हाईवे पर सोहागपुर के लांघा मोड़ के पास रविवार को एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे में भोपाल निवासी 28 वर्षीय आकाश साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वह कार के अंदर दब गया था। कार में उसके साथ तीन दोस्त दीपक अहिरवार, अंशुल प्रजापति और रोहित कटारे भी सवार थे, जो घायल हो गए।

**पचमढ़ी घूमने जा रहे थे चार दोस्त :** जानकारी के अनुसार आकाश अपने चार दोस्तों के साथ भोपाल से पचमढ़ी घूमने जा रहा था। जैसे ही कार लांघा मोड़ के पास पहुंची, चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने आकाश साहू को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सोहागपुर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# छतरपुर में लाठी-डंडों से हमला, पिता-पुत्र घायल



**छतरपुर,(निप्र)।।** छतरपुर शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की बीड़ी कॉलोनी में गुरुवार देर शाम मारपीट की घटना सामने आई। इस घटना का वीडियो अब सामने आया है। लम्पु अनुरागी और उनके बेटे सचिन घायल हो गए। मारपीट के वीडियो निकलकर सामने आये हैं। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों पर पुराने विवाद के कारण हमला करने का आरोप लगाया है। लम्पु अनुरागी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बीड़ी कॉलोनी निवासी राज अनुरागी, शिवम अनुरागी, हेमंत अनुरागी और कंचन अनुरागी से लंबे समय से विवाद चल रहा है। शिकायत के अनुसार, इसी रंजिश के चलते गुरुवार शाम आरोपियों ने उन्हें और उनके बेटे सचिन को घेरकर लाठी-डंडों से मारपीट की। इस हमले में पिता-पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं।

**इलाके में तनाव का माहौल :** घटना के बाद घायल पिता-पुत्र सिविल लाइन थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों का मेडिकल परीक्षण छतरपुर जिला अस्पताल में कराया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मेडिकल रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# सिंगरौली में फ्लाई ऐश बल्कर और डंपर में भिड़ंत

**सिंगरौली,(निप्र)।।** सिंगरौली जिले के जियावान थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 39 पर सोमवार को एक सड़क हादसा हुआ। देवसर स्थित सरस्वती स्कूल के पास फ्लाई ऐश ले जा रहे एक बल्कर और डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर डिवाइडर तोड़कर सड़क की दूसरी लेन में जा घुसा। इस हादसे में किसी भी वाहन चालक या राहगीर को चोट नहीं आई। हालांकि, घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। जियावान का यह क्षेत्र पहले से ही भीड़भाड़ वाला है, जिसके कारण हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से राहगीरों को असुविधा हुई। हादसे की सूचना मिलते ही जियावान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। डिवाइडर के पास फंसे डंपर को भी हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से कुछ ही देर में हाईवे पर आवागमन बहाल हो गया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अभी तक किसी भी ट्रक चालक द्वारा थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले से संबंधित जानकारी जुटा रही है और शिकायत मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सागर के सरकारी हॉस्टल में 8वीं की छात्रा से रेप

**बीना (निप्र)।।** सागर में सरकारी हॉस्टल में 12 साल की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर करीब 4 महीने तक नाबालिग से रेप करता रहा। पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया, जहां चेकअप के बाद उसके तीन महीने की गर्भवती होने का पता चला। मामला जिले के एक आदिवासी सरकारी हॉस्टल का है। छात्रा भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती है। कोहेफिजा थाने में जीरो पर कायमी कर केस डायरी खुरई भेजी गई है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह मूलतः विदिशा जिले के गंजबासौदा के एक गांव की रहने वाली है। हॉस्टल में रहकर 8वीं की पढ़ाई कर रही है। यहां पिछले दो साल से रह रही है। हॉस्टल में सब्जी देने आता था आरोपी पीड़िता ने कहा- अल्ताफ नाम का युवक हॉस्टल में सब्जी देने आता था।

# सीहोर में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज

## कोहरे से विजिबिलिटी कम ; फसल नुकसान की आशंका घने बादल छाए



**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** सीहोर जिले में आज न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे करीब 8 बजे तक धूप नहीं निकल पाई। कई इलाकों में हल्का तो कहीं घना कोहरा रहा। जिससे दृश्यता घटकर लगभग 50 मीटर तक रह गई। बीते दिनों हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। श्यामपुर और जावर तहसील के कुछ गांवों में बीमित फसलों के गिरने की जानकारी सामने आई है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर मौसम साफ होता है और धूप निकलती है, तो बारिश और ओलों से गिरी फसलें दोबारा खड़ी हो सकती हैं। इससे नुकसान कुछ हद तक कम हो सकता है।

**फसल बीमा के लिए 14447 पर कॉल करें :** कृषि विभाग ने प्रभावित किसानों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपने नुकसान की जानकारी जरूर दें। किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल करके या फसल बीमा ऐप के माध्यम से फसल नुकसान की सूचना दर्ज करा सकते हैं।

इसके अलावा किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपने क्षेत्र के पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क बनाए रखें। फसल नुकसान के आकलन के लिए बीमा कंपनी द्वारा जीटी पॉइंट भी लगाए जा रहे हैं, ताकि नुकसान का सही मूल्यांकन किया जा सके।

# मंदसौर पुलिस ने की धमाकेदार कार्रवाई, 1.5 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( निप्र )।** मध्यप्रदेश पुलिस ने एक बार फिर से अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अपनी कड़ी कार्रवाई जारी रखते हुए मंदसौर जिले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। सिटी कोतवाली पुलिस ने 1.5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन को पुलिस द्वारा बखूबी अंजाम दिया गया जो नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए संकल्पबद्ध हैं। यह कारवाई पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन में की गई जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर टी.एस. सिंह बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर जितेन्द्र सिंह भास्कर और थाना प्रभारी कोतवाली पुष्पेन्द्र सिंह राठौर ने प्रमुख भूमिका निभाई। 1 फरवरी को थाना कोतवाली को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि प्रतापगढ़ (राजस्थान) का निवासी गुलशेर खान पठान, अवैध एमडी ड्रग्स लेकर मंदसौर पहुंचने वाला है। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस टीम ने रणनीति बनाकर एक विशेष ऑपरेशन चलाया और देवलजी क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही तस्कर गुलशेर खान पठान और उसका साथी नंदकिशोर उर्फ नंदु उक्त स्थान पर पहुंचे पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। दोनों आरोपियों के पास से 1 किलो 500 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 करोड़ 50 लाख रुपये के करीब बताई जा रही है। इसके अलावा, 7,000 रुपये कीमत का अवैध डोडाचूरा और दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं, जिनका इस्तेमाल आरोपियों ने तस्करी में किया था। आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई से मध्यप्रदेश पुलिस की प्रतिबद्धता और नशे के व्यापारियों के खिलाफ सख्त रुख स्पष्ट होता है। पुलिस द्वारा की गई इस शानदार कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश पुलिस किसी भी स्थिति में नशे के कारोबारियों को बचने का मौका नहीं देगी।

# सागर में 17 साल के लड़के की हत्या

## गाली देने पर नाबालिग दोस्त ने सीने में मारा कटर



### मां को फोन कर बोला- मेरा विवाद हो गया है

**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** सागर के कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार रात आपसी विवाद में एक 17 वर्षीय किशोर की हत्या कर दी गई। घटना दीनदयाल तिगड्डा के पास हुई, जहां गाली-गलौज को लेकर हुए विवाद में एक नाबालिग ने दूसरे नाबालिग के सीने पर कटर मार दिया। मृतक की पहचान सूबेदार वार्ड निवासी अंकुश अहिरवार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, अंकुश अहिरवार (17) रविवार रात दीनदयाल तिगड्?डा के पास अपने एक परिचित नाबालिग के साथ बैठा था। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और वे एक-दूसरे को गालियां देने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने अंकुश के सीने पर कटर से हमला कर दिया।

**मां को फोन कर बताया, अस्पताल में तोड़ा दम :** कटर लगने से अंकुश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने तुरंत अपनी मां रेखा बाई को फोन लगाया और बताया कि 'मेरा विवाद हो गया है।' घटना के बाद अंकुश के साथी उसे बाइक से अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**पुलिस ने आरोपी को पकड़ा :** एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि 'आपसी विवाद में गाली-गलौज के बाद धारदार हथियार से हमला कर नाबालिग की हत्या की गई है। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। मृतक और आरोपी आपस में परिचित थे।' पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# राजगढ़ में चलती कार में लगी आग

**राजगढ़ (निप्र)।** राजगढ़ में रविवार रात करीब 10 बजे खिलचीपुर नाके के पास एक चलती कार में अचानक आग लग गई। ब्यावरा से राजस्थान जा रही महिंद्र मराजो से धुआं उठता देख चालक ने तुरंत गाड़ी रोक दी। कार में सवार तीनों लोग समय रहते बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**तीनों लोग सुरक्षित बाहर निकले:** देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। हाईवे पर आग की लपटें उठती देख वाहन चालकों में घबराहट फैल गई। कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। देखते ही देखते पूरी कार जली।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और नगर पालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकल वाहन से आग बुझाई गई।

# ट्रक-बाइक की टक्कर, दो युवकों की मौत



### नर्मदानगर में फॉरेस्ट डिपो के पास हादसा, मौके पर पड़े थे शव

**खंडवा,(निप्र)।** नर्मदा नगर क्षेत्र में फॉरेस्ट डिपो के पास रविवार देर शाम ट्रक और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार अशोक पिता लखन मालाकार और अरुण पिता अनोखी लाल राठौर की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। दोनों घायलों को तत्काल पुनासा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर नरेंद्र चौधरी ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इधर, प्रशासनिक औपचारिकताओं और समय की देरी के चलते सोमवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। पुलिस ट्रक चालक और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# अवैध खनन की खूनी जंग: भोपाल में हिस्ट्रीशीटर पर जानलेवा हमला, 8 दिन बाद पुलिस का बड़ा खुलासा



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( निप्र )।** राजधानी भोपाल में 25 जनवरी को हुई सनसनीखेज मारपीट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रीवा के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर कुलदीप सिंह पर आधा दर्जन बदमाशों द्वारा किए गए बेरहमी से हमले के मामले में घटना के 8 दिन बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया है कि यह हमला अवैध खनन के धंधे में वर्चस्व कायम करने के लिए रची गई साजिश का हिस्सा था। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कुलदीप सिंह पर हथौड़े, सब्बल, रॉड और डंडों से ताबड़तोड़ हमला किया था। बदमाशों ने उसके हाथ-पैर तोड़ दिए और तब तक पीटते रहे, जब तक वह बेसुध होकर गिर नहीं गया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने कुलदीप की कार में भी जमकर तोड़फोड़ की और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए थे। इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने करीब 500 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से पुलिस ने दोनों आरोपियों की पहचान की और उन्हें रीवा से गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वारदात का मास्टरमाइंड रीवा का एक खदान ठेकेदार है जिसने अपने प्रभाव और दबदबे को बढ़ाने के लिए हमला करवाया था।

# असीरगढ़ रेंज में वनकर्मियों को आग रोकने के टिप्स बताए

## अग्नि रेखा काटने-जलाने, लोअर से आग बुझाने की जानकारी दी



**मीडिया ऑडीटर, बुरहानपुर (निप्र)।** बुरहानपुर जिले की असीरगढ़ रेंज में सोमवार को वन विभाग ने वन अग्नि नियंत्रण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें वनकर्मियों को जंगल की आग पर कम समय में नियंत्रण पाने और उसे फैलने से रोकने के उपाय बताए गए। डीएफओ विद्या भूषण सिंह के निर्देशन में यह कार्यशाला वन परिक्षेत्र असीर की आशा देवी बीट के कक्ष क्रमांक 155 स्थित चूलखान नर्सरी में हुई। नेपानगर के एसडीओ विक्रम सुलिया ने अग्नि रेखा की कटाई और उसे जलाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन खंडों, वन मार्गों, पीडब्ल्यूडी मार्गों और पौधारोपण क्षेत्रों की पुरानी अग्नि रेखाओं को निर्धारित मापदंडों के अनुसार काटकर 15 फरवरी से पहले जलाया जाना चाहिए।

सुलिया ने सभी वनरक्षकों को अपनी-अपनी बीट क्षेत्र की समितियों की बैठकें आयोजित कर उन्हें भी वनों को आग से बचाने के लिए प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आग लगने पर त्वरित कार्रवाई करने और आग बुझाने वाले उपकरणों का सही उपयोग करने पर जोर दिया।

प्रशिक्षण के दौरान, बीट असीर के कक्ष क्रमांक 154 में ब्लोअर का उपयोग करके आग पर नियंत्रण पाने और काउंटर फायर विधि से वन अग्नि बुझाने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।

धुलकोट के वन परिक्षेत्र अधिकारी मनोज वास्कले ने वनकर्मियों को वन अग्नि नियंत्रण के लिए जाते समय अपने साथ पीने का पानी ले जाने और खुद को निर्जलीकरण से बचाने की सलाह दी।

इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में नावरा रेंजर पुष्पेंद्र जादौन सहित असीर, धुलकोट और नावरा रेंज के वन कर्मचारी, अधिकारी और सुरक्षा श्रमिक उपस्थित थे। रेंजर असीर धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने आभार व्यक्त किया।

# टी20 वर्ल्ड कप: मुख्य टीम में शामिल होने से पहले वार्म अप मैच खेलेंगे तिलक वर्मा



**नई दिल्ली एजेंसी।** बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा मेंस टी20 वर्ल्ड कप के लिए मुख्य टीम में शामिल होने से पहले इंडिया-ए की ओर से एक वार्मअप मैच खेलेंगे। इंडिया ए सोमवार को यूएसए के खिलाफ वार्म-अप मैच खेलेगी, जिसके बाद शुक्रवार को नामीबिया का सामना करेगी। 7 फरवरी से टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। 23 वर्षीय तिलक वर्मा इस महीने की शुरुआत में राजकोट में पेट के निचले हिस्से की सर्जरी के बाद रिहैब के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में थे। बैटिंग ऑलराउंडर आयुष बडोनी को इंडिया ए का कप्तान बनाया गया है। शुरुआत में उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी दो टी20 मुकाबलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जाना था, लेकिन वर्ल्ड कप में उनकी उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ऐसा नहीं किया गया। तिलक को बीते शुक्रवार सीओई में एक सिमुलेशन मैच खेलने के बाद टीम में शामिल किया गया है।

इस टीम में रियान पराग, रवि बिश्नोई, खलील अहमद और मयंक यादव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो भारत के लिए खेल चुके हैं। उनके साथ नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, गुरजपनीत सिंह, विपराज निगम, मानव सुथार और अशोक शर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। एन जगदीसन और उर्विल पटेल इंडिया ए टीम में विकेटकीपिंग के विकल्प हैं।

ये वार्म-अप मैच मयंक की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का भी प्रतीक होंगे। मयंक पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के अभियान से बाहर हो गए थे, जिसके बाद बीते साल न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में उनकी सर्जरी हुई थी। इस बीच, रियान को सीओई में दाहिने कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में शामिल किया गया है।

## टी20 विश्व कप के शुरुआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे हेज़लवुडः चयनकर्ता डोडेमाइड

**सिडनी एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने बताया कि हेज़लवुड फिलहाल सिडनी में रहकर चोट से उबरने के बाद अपने रिटर्न-टू-प्ले कार्यक्रम को जारी रखेंगे। हालांकि, नाथन एलिस, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। डोडेमाइड के अनुसार, ये तीनों खिलाड़ी पाकिस्तान से आने वाली टीम के साथ शामिल होंगे।

ऑस्ट्रेलिया अपने चार शुरुआती मुकाबले कोलंबो और पल्लेकेले में खेलेगा, जिसकी शुरुआत 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ होगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से हो रही है। डोडेमाइड ने कहा कि हेज़लवुड शुरुआती चरण के दौरान सिडनी में ही रहेंगे ताकि वे परिचित माहौल में अपनी फिटनेस पर काम कर सकें।



# पीडब्ल्यूएल 2026: हरियाणा थंडर ने रोमांचक फाइनल में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया

**नोएडा,एजेंसी** । हरियाणा थंडर रविवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ फाइनल में आखिरी बाउट तक चले मैच के बाद प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 का चैंपियन बन गया। आठ बाउट के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था, नतीजा आखिरी महिलाओं की 62 किलोग्राम बाउट पर निर्भर था, जिसमें पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट इरीना कोलियाडेन्को ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी शानदार टेक्निकल जीत ने हरियाणा थंडर को 5-4 से जीत दिलाई और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब दिलाया, जो लीग के इतिहास के सबसे नाटकीय फाइनल में से एक था। हरियाणा थंडर पीडब्ल्यूएल 2026 ट्रॉफी के साथ 1.5 करोड़ रुपये की इनामी राशि घर ले जाएगा। रनर-अप, दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 75 लाख रुपये मिलेंगे। व्यक्तिगत पुरस्कारों में, दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव ने 57 किलोग्राम पुरुष वर्ग में सभी 7 बाउट जीतकर और पीडब्ल्यूएल 2026 में कुल 59 अंक हासिल करके 2.5 लाख रुपये का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' खिताब जीता। पंजाब रॉयल्स के चंदरमोहन टूर्नामेंट के टॉप पॉइंट स्कोरर थे।

नेहा सांगवान (हरियाणा थंडर) को आखिरी बाउट तक फाइनल को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। रौनक (दिल्ली दंगल वॉरियर्स) को पुरुष 125 किलोग्राम वर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए 'फाइटर ऑफ द मैच' का सम्मान मिला। 'इंपैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच' अक्षय धेरे (हरियाणा थंडर) थे, जिन्हें 57 किलोग्राम पुरुष वर्ग में उनके मजबूत प्रदर्शन के लिए पहचाना गया। चैंपियनशिप की रात दिल्ली ने बढ़त के साथ शुरू की, जब अजेय तुरान बायरामोव ने 74 किलोग्राम पुरुष बाउट जीती, जल्दी ही शुरुआती बढ़त बनाई और 8-1 से जीत हासिल करने के लिए नियंत्रण बनाए रखा। हरियाणा ने 76 किलोग्राम महिला वर्ग में तुरंत जवाब दिया, जहां अंडर20 विश्व चैंपियन काजल धोचक ने यूरोपीय चैंपियन अनास्तासिया अल्पीयेवा को 3-1 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया। 65 किलोग्राम पुरुषों के मैच में मोमेंटम तब बदला जब दिल्ली के कप्तान सुजीत कल्कल ने शानदार वापसी करते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के सिल्वर मेडलिस्ट तुमुर ओचिर तुलगा को 8-6 से हरा दिया। हरियाणा ने तुरंत अपनी स्टार और कई बार की वर्ल्ड चैंपियन यूई सुसाकी के साथ जवाब दिया, जिन्होंने सारिका पर शानदार टेक्निकल जीत हासिल करके अपना कौशल दिखाया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

86 किलोग्राम पुरुषों के मैच में दिल्ली ने फिर से बढ़त बना ली, जब एशियन चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट वफाईपुर हादी बख्तियार ने अशिरोव अशरफ को 11-0 से हरा दिया। हरियाणा ने जोरदार जवाब दिया, जिसमें अक्षय धेरे ने 57 किलोग्राम पुरुषों के इवेंट में दिल्ली के अमित कुमार को टेक्निकल सुपीरियरिटी से हरा दिया।

हेवीवेट मैच निर्णायक था, जिसमें रौनक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनिरुद्ध गुलिया को 12-2 से हराया, जिससे दिल्ली को 4-3 की बढ़त मिली। हरियाणा ने हार नहीं मानी, और नेहा सांगवान ने 57 किलोग्राम महिलाओं के मुकाबले में अंजलि को पिन करके मैच को जारी रखा, जिससे स्कोर 4-4 से बराबर हो गया।

चैंपियनशिप दांव पर लगी थी, और इरीना कोलियाडेन्को ने महत्वपूर्ण 62 किलोग्राम महिलाओं के मैच में कदम रखा। अपने अनुभव और शांत स्वभाव का फायदा उठाते हुए, पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट ने लगातार टर्न-एंड-एक्सपोजर मूव्स से अंजलि को हराया और 16-0 से टेक्निकल जीत हासिल की। इस जीत ने उन्हें हरियाणा थंडरर्स के लिए खिताब दिलाया।

# एशियन चैंपियनशिप राइफल-पिस्टल का दिल्ली में आगाज, लौटी निशानेबाजी की रौनक

**नई दिल्ली,एजेंसी।** डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज़ी की रौनक लौट आई है। एशियन चैंपियनशिप राइफल-पिस्टल का औपचारिक आगाज प्रतिभागी टीमों के आगमन के साथ हो चुका है। एशिया की इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता की शुरुआत बुधवार, 4 फ़रवरी से होगी, जबकि 13 फ़रवरी को अंतिम पदक मुकाबले खेले जाएंगे। यह प्रतियोगिता कुल 10 दिनों तक चलेगी। इस चैंपियनशिप में मेज़बान भारत सहित 20 देशों के 311 निशानेबाज़ हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता सीनियर और जूनियर वर्गों में आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 30 पदक स्पर्धाएं होंगी। इसके साथ ही यूथ श्रेणी की प्रतिस्पर्धाएं भी समानांतर रूप से आयोजित की जाएंगी।

मेज़बान भारत ने प्रतियोगिता में 118 एथलीटों के साथ सबसे बड़ा दल उतारा है। कज़ाख़स्तान 35 खिलाड़ियों के साथ दूसरा सबसे बड़ा दल लेकर पहुंचा है। एशियाई निशानेबाज़ी की मजबूत ताक़त माने जाने वाले कोरिया, ईरान और जापान ने भी संतुलित और अनुभवी टीमें भेजी हैं। इसके अलावा चीनी ताइपे, वियतनाम और हांगकांग के निशानेबाज़ों से भी प्रभावशाली प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। प्रतियोगिता से पहले नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के महासचिव पवनकुमार सिंह ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷यह वर्ष भारतीय और एशियाई निशानेबाज़ों दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। साल के दूसरे हिस्से में एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे बड़े आयोजन होने हैं, जिनमें वर्ल्ड चैंपियनशिप से लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान भी मिलेंगे। ऐसे में यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय सीज़न की शुरुआत का संकेत है और खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन का प्रारंभिक मूल्यांकन करने का अवसर देगी। हम सभी विदेशी टीमों का स्वागत करते हैं और उनके भारत प्रवास को सुखद बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेल प्राधिकरण, खेल मंत्रालय और भारत सरकार तथा उससे जुड़ी एजेंसियों के सहयोग से एनआरएआई ने आयोजन को विश्व-स्तरीय मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया है।

कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार को आधिकारिक प्री-इवेंट प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता के पहले दिन बुधवार (4 फ़रवरी) को चार प्रमुख फ़ाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल, जूनियर पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल और यूथ पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फ़ाइनल शामिल हैं।



# अनाहत सिंह ने स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीता, पहला पीएसए ब्रॉन्ज-लेवल खिताब अपने नाम किया

**वॉशिंगटन एजेंसी।** भारत की उभरती स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीत लिया और अपने करियर का पहला पीएसए ब्रॉन्ज-लेवल खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज अनाहत ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 10 जॉर्जिना केनेडी (इंग्लैंड) को सीधे गेमों में 12-10, 11-5, 11-7 से हराया। यह मुकाबला महज 26 मिनट में समाप्त हुआ। यह अनाहत का पहला विश्व स्तरीय पीएसए खिताब है।

विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अनाहत सिंह को हाल ही में पीएसए की ओर से वीमेंस चैलेंजर प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया था। इसके अलावा, उन्होंने वीमेंस यंग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी संयुक्त रूप से जीता। पुरुष वर्ग के फाइनल में मोहम्मद एलशोरबागी ने ऑल-इंग्लैंड मुकाबले में डेक्लन जेम्स को 11-4, 11-6, 11-8 से हराकर अपना 52वां पीएसए टूर खिताब जीता।

# एक ही गेंद पर वैभव को दो जीवनदान देकर ट्रोल हुआ पाकिस्तान, कप्तानों ने फिर नहीं मिलाया हाथ

**बुलवायो** । आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान सुपर सिक्स मुकाबले के दौरान पाकिस्तान की फील्डिंग ऐसी चर्चा में आई, जिसकी शायद टीम ने कल्पना भी नहीं की थी। भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को एक ही गेंद पर दो-दो जीवनदान देना पाकिस्तान के लिए शर्मनाक साबित हुआ और इसके बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी फील्डर्स को जमकर ट्रोल किया गया। इससे पहले टॉस के दौरान भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे और पाकिस्तानी कप्तान फरहान यूसुफ ने हाथ नहीं मिलाया।

**आठवां ओवर और पाकिस्तान की बड़ी भूल** भारतीय पारी के आठवें ओवर में पाकिस्तान के पास वैभव सूर्यवंशी को आउट करने का सुनहरा मौका था। ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सैयाम की गेंद पर वैभव ने हवाई शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन शॉट पूरी तरह मिसटाइम हो गया। गेंद काफी ऊपर गई और यह एक आसान कैच लग रहा था, लेकिन फील्डर हुजैफा अहसन दबाव में कैच पूरा नहीं कर सके।

# आईओसी अध्यक्ष ने कहा- आईसीई और एपस्टीन फाइलें शीतकालीन ओलंपिक से ध्यान भटकाने वाली



**मिलान,एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री ने कहा है कि अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) और जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों को लेकर उठे मुद्दे आगामी मिलानोङ्ककोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक से ध्यान भटका रहे हैं, जो दुखद है।

मिलान में रविवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईओसी अधिकारियों से इन विषयों पर सवाल पूछे गए। कोवेंट्री ने शुरुआत में इन्हें आईओसी के दायरे से बाहर का विषय बताया, लेकिन जोर देने पर उन्होंने माना कि ऐसी खबरें खेलों से फोकस हटाती हैं। कोवेंट्री ने कहा, ÷इन खेलों से ध्यान भटकाने वाली कोई भी चीज दुखद है। लेकिन वर्षों के अनुभव से हमने सीखा है कि खेलों से पहले हमेशा कोई न कोई मुद्दा सुर्खियों में आ जाता है–चाहे वह जीका रहा हो या कोविड। मगर मुझे भरोसा इस बात से मिलता है कि जब उद्घाटन समारोह होगा और खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा शुरू करेंगे, तब दुनिया फिर से खेलों के जादू और भावना को याद करेगी।

शनिवार को मिलान में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने शीतकालीन ओलंपिक के दौरान आईसीई एजेंटों की तैनाती के विरोध में प्रदर्शन किया। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि एजेंट सड़कों पर नहीं, बल्कि एक नियंत्रण कक्ष में तैनात रहेंगे।

इसी बीच, एपस्टीन से जुड़ी सरकारी फाइलों के हालिया खुलासे में वर्ष 2003 के कुछ ईमेल सामने आए हैं, जो लॉस एंजेलिस ओलंपिक आयोजन समिति के प्रमुख केसी वासरमैन और एपस्टीन की तत्कालीन साथी घिस्लेन मैक्सवेल के बीच बताए जा रहे हैं।

आईसीई एजेंटों की मौजूदगी पर पूछे गए सवाल पर कोवेंट्री ने कहा, हमारे पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर मुझे लगता है कि अमेरिकी प्राधिकरणों ने आवश्यक स्पष्टीकरण दे दिए हैं। सुरक्षा से जुड़े इस पहलू पर हमें आगे टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है। हम खेलों का इंतजार कर रहे हैं।

वासरमैन के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने संक्षिप्त जवाब देते हुए कहा, इस पर कल चर्चा नहीं हुई थी। वासरमैन अपना बयान दे चुके हैं और हमारी ओर से इसमें कुछ जोड़ने को नहीं है।

फाइलों में आईओसी के दो सदस्यों के नाम भी आए हैं–रिचर्ड कैरियन और जोहान एलियाश–हालांकि किसी भी तरह की गलत भूमिका का कोई संकेत नहीं है। इस पर कोवेंट्री ने कहा, ÷हम मीडिया रिपोर्ट्स पर नजर रख रहे हैं और सामने आई जानकारी को समझने के लिए समय चाहिए।÷

उल्लेखनीय है कि मिलानो-कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक 6 से 22 फरवरी तक आयोजित होंगे।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026 : भारत के खिलाफ मैच का पाकिस्तान करेगा बहिष्कार, पाक सरकार ने दी मंजूरी

**इस्लामाबाद एजेंसी।** क्रिकेट जगत के सबसे बड़े मुकाबले को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। पाकिस्तान सरकार ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि उसकी राष्ट्रीय टीम आगामी आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ निर्धारित मैच में हिस्सा नहीं लेगी। यह निर्णय खेल और राजनीति के गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी 2026 को होने वाला यह महामुकाबला टूर्नामेंट का सबसे मुख्य आकर्षण माना जा रहा था। सरकार का आधिकारिक रुख पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए स्पष्ट किया कि हालांकि टीम को वर्ल्ड कप में खेलने की अनुमति दी गई है, लेकिन वे भारत के खिलाफ मैदान पर नहीं उतरेंगे। इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान की सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फ़रवरी 2026 को भारत के ख़िलाफ़ निर्धारित मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।



**विवाद की जड़ बांग्लादेश और डबल स्टैंडर्डः** इस तनाव की शुरुआत तब हुई जब बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार कर दिया। आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल कर लिया, जिसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने अन्यायपूर्ण बताया है।

पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने आईसीसी के इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए इसे दोहरा मापदंड करार दिया। उन्होंने तर्क दिया कि यदि बांग्लादेश को सुरक्षा के आधार पर हटने का अधिकार है, तो पाकिस्तान के पास भी अपनी चिंताओं को व्यक्त करने का समान अधिकार होना चाहिए।

**पीसीबी की रणनीति और प्लान-B-** बीते हफ्ते प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद मोहसिन नकवी ने संकेत दिए थे कि पाकिस्तान के पास इस स्थिति से निपटने के लिए कई योजनाएं तैयार हैं। जब उनसे संभावित विकल्पों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कहा, हमारे पास प्लान ए, बी, सी और डी तैयार हैं।

**टूर्नामेंट पर प्रभावः** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 7 फरवरी से शुरू हो रहे इस वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के इस फैसले से आईसीसी और ब्रॉडकास्टर्स के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

# वेतन में देरी पड़ी भारी: रायपुर नगर निगम का बड़ा एक्शन, प्लेसमेंट एजेंसी का ठेका निरस्त, सुरक्षा निधि जब्त



**मीडिया ऑडीटर,रायपुर (निप्र)।** रायपुर नगर पालिक निगम ने कर्मचारियों के हक के साथ खिलवाड़ करने वाली प्लेसमेंट एजेंसी के खिलाफ सख्त और मिसाल कायम करने वाली कार्रवाई की है। प्लेसमेंट के जरिए कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं करने पर महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने एजेंसी मेसर्स अनशर्यान सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड (अमनपुर, जबलपुर) का ठेका तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि की एफडीआर राशि भी राजसात कर ली गई है। नगर निगम प्रशासन के अनुसार एजेंसी के माध्यम से कार्यरत 57 कंप्यूटर ऑपरेटर और 2 स्टेनोग्राफर को निर्धारित समयसीमा में वेतन नहीं दिया गया। कार्य आदेश के तहत एजेंसी को दिसंबर 2025 का वेतन तय तिथि तक भुगतान करना था लेकिन कई बार स्मरण पत्र और नोटिस भेजे जाने के बावजूद आज तक वेतन लंबित रहा। अनुबंध की शर्तों के अनुसार प्रत्येक माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान अनिवार्य था। इसके साथ ही ईपीएफ और ईएसआईसी से संबंधित चालान प्रस्तुत करना भी जरूरी था। नियमों के उल्लंघन पर निगम ने पहले नोटिस जारी किया, लेकिन एजेंसी की ओर से न तो संतोषजनक जवाब दिया गया और न ही भुगतान किया गया। इसके बाद दूसरा पत्र जारी किया गया, बावजूद इसके हालात जस के तस बने रहे।अंततः 29 जनवरी 2026 को निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि उसी दिन दोपहर 12 बजे तक सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाए और ऋद्भत्नस्र विवरण के साथ ईपीएफ-ईएसआईसी के चालान प्रस्तुत किए जाएं। लेकिन एजेंसी ने इस अंतिम चेतावनी को भी नजरअंदाज कर दिया। मामले में उस वक्त और गंभीर मोड़ आ गया जब एजेंसी ने 30 जनवरी 2026 को भेजे पत्र में लेबर लाइसेंस के नाम पर प्रति कर्मचारी 1275 रुपये अतिरिक्त खर्च का हवाला दिया। निगम को इस दावे पर संदेह हुआ, जिसके बाद सहायक श्रम आयुक्त, रायपुर से तथ्यात्मक जानकारी ली गई। श्रम विभाग से प्राप्त जवाब में स्पष्ट किया गया कि प्रति कर्मचारी केवल 1012 रुपये (प्रतिभूति राशि और लाइसेंस शुल्क) का ही प्रावधान है। साथ ही कार्य पूर्ण होने पर सुरक्षा निधि लौटाने का नियम भी मौजूद है। इस खुलासे के बाद निगम ने एजेंसी पर गलत तथ्य प्रस्तुत कर गुमराह करने और अनावश्यक पत्राचार करने का आरोप लगाया। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि कर्मचारियों को समय पर वेतन न देकर एजेंसी ने न सिर्फ उनके अधिकारों का हनन किया, बल्कि निगम का बहुमूल्य समय भी बर्बाद किया। इस लापरवाही और अनुबंध उल्लंघन को गंभीर मानते हुए 23 सितंबर 2025 को जमा की गई सुरक्षा निधि की एफडीआर को राजसात कर लिया गया है और एजेंसी का ठेका तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। नगर निगम के इस कड़े फैसले को कर्मचारियों के हित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। निगम प्रशासन ने साफ संकेत दे दिया है कि श्रमिकों और कर्मचारियों के अधिकारों से समझौता करने वाली किसी भी एजेंसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## अवैध रेत माफिया बेखौफ: बिलासपुर में नायब तहसीलदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश, कार्रवाई पर उठे सवाल

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में अवैध रेत उत्खनन रोकने गई प्रशासनिक टीम पर रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद हो गए कि नायब तहसीलदार की जान लेने की कोशिश तक की गई। रतनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को अवैध रेत परिवहन रोकने पहुंचे नायब तहसीलदार राहुल साहू पर ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि नायब तहसीलदार ने फुर्ती दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचा ली, जबकि आरोपी चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। दरअसल, रतनपुर क्षेत्र के गढ़वट, सरवनदेवरी और खैरखुंडी इलाके में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें मिल रही थीं। नायब तहसीलदार राहुल साहू को सूचना मिली थी कि नदी किनारे बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। रविवार को सूचना मिली कि ग्राम गढ़वट में ट्रैक्टर



से रेत ढोई जा रही है। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और रेत से भरे ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया। जैसे ही ट्रैक्टर रोका गया, खैरखुंडी निवासी चालक रितुराज सिंह ने ट्रैक्टर में भरी आधी रेत नदी में ही खाली कर दी और ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। नायब तहसीलदार ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो चालक ने उन पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की। जान बचाने के लिए राहुल साहू को कूदना पड़ा, जबकि आरोपी ट्रैक्टर लेकर बस्ती की ओर फरार हो गया। घटना के बाद नायब तहसीलदार ने रतनपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी चालक को पकड़कर थाने लाया और बीएनएस की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। आरोपी को बेलतरा तहसीलदार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत मिल गई। हैरानी की बात यह रही कि न तो ट्रैक्टर और रेत को जब्त किया गया और न ही जानलेवा हमले जैसी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। रतनपुर टीआई निलेश पांडेय ने बताया कि नायब तहसीलदार के आवेदन पर चालक को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। हालांकि, इस पूरे मामले में प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि 31 जनवरी को पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने सरवनदेवरी और गढ़वट क्षेत्र में दबिश देकर चार ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते पकड़े थे, जिनके पास कोई वैध रॉयल्टी पर्ची नहीं थी।

इसके बावजूद रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब अधिकारी भी सुरक्षित नहीं दिख रहे। यह घटना अवैध रेत उत्खनन में प्रशासनिक मिलीभगत और ढीली कार्रवाई की ओर इशारा कर रही है।

## रायपुर में 3 दुकानों से 7 लाख कैश चोरी

**रायपुर (निप्र)।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शनिवार रविवार की दरम्यानी रात चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर गल्ले में रखी 7 लाख रुपए से अधिक की नकदी पर हाथ साफ किया है। पीड़ित कारोबारियों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी मुंह में कपड़ा बांधकर दुकानों में घुसे थे। फिलहाल, पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। वहीं, पीड़ित कारोबारियों के नाम शिव कुमार वर्मा और मोहम्मद अमजद बताए गए हैं। चोरी की सूचना मिलने पर मौके पर जाकर जांच करते हुए पुलिसकर्मी।सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लाभांडी निवासी शिव कुमार वर्मा (70) ने बताया कि उनकी पंडरी स्थित लब-डब नाम से कपड़े की दुकान है। 31 जनवरी की रात करीब 10 बजे वे दुकान बंद कर घर चले गए थे।1 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे जब उन्होंने दुकान खोली तो देखा कि गल्ले का दराज खुला हुआ था और उसमें रखी बिक्री की रकम करीब 2 लाख 75 हजार रुपए गायब थी। जांच करने पर पता चला कि चोर छप्पर की टिन शेड तोड़कर दुकान के भीतर घुसे थे। नोवा फर्नीचर और डिजाइनर सेनिटेशन और हार्डवेयर दुकान में चोरी इसी तरह पास ही स्थित नोवा फर्नीचर दुकान के छप्पर को तोड़कर चोरों ने गल्ले में रखे करीब 1 लाख 40 हजार रुपए चोरी कर लिए। वहीं तीसरी वारदात डिजाइनर सेनिटेशन और हार्डवेयर दुकान में हुई, जहां छप्पर तोड़कर घुसे चोर करीब 2 लाख 85 हजार रुपए नकद ले उड़े। तीनों दुकानों से कुल करीब 7 लाख रुपए की नकदी चोरी होने की बात सामने आई है। सिविल लाइन पुलिस कारोबारी की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच कर रही है। पीड़ित कारोबारियों की शिकायत पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। कैमरों की रिकॉर्डिंग में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी मुंह में कपड़ा बांधकर दुकानों में घुसे, वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए।

## वन उत्पादों के व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण-आदिवासी अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती: वनमंत्री केदार कश्यप

**रायपुर (निप्र)।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट में तेंदूपत्ता उद्योग से जुड़े लाखों लोगों के हित में एक ऐतिहासिक और राहतपूर्ण निर्णय लिया गया है। सरकार ने तेंदूपत्ता व्यापार पर लगने वाली टीसीएस की दर को 5 प्रतिशत से घटाकर मात्र 2 प्रतिशत कर दिया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के सम्बन्ध में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि इस निर्णय से तेंदूपत्ता संग्राहकों, प्राथमिक सहकारी समितियों, लघु व्यापारियों और वन आधारित आजीविका से जुड़े परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। दर घटने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त होगी और वन आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

वनमंत्री केदार कश्यप ने इस जन-हितकारी फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह निर्णय दर्शाता है कि केंद्र सरकार देश के वनवासी, आदिवासी



और श्रम आधारित उद्योगों की आर्थिक मजबूती को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है।

वनमंत्री कश्यप ने कहा कि तेंदूपत्ता उद्योग को इस फैसले से भरपूर लाभ मिलेगा। टीसीएस दर कम होने से तेंदूपत्ता व्यापार से जुड़े लोगों के हाथ में अधिक नकद राशि रहेगी, जिससे उनकी कार्यशील पूंजी मजबूत होगी। इसका सीधा लाभ तेन्दूपत्ता संग्राहकों मिलेगा। इसके साथ ही तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े आदिवासी और वनवासी परिवारों को अब कम कर कटौती का सामना करना पड़ेगा, जिससे उन्हें उनके श्रम का पूरा मूल्य मिल सकेगा।

वनमंत्री कश्यप ने कहा कि पहले 5 प्रतिशत टीसीएस छोटे व्यापारियों के लिए बड़ा आर्थिक बोझ था। अब 2 प्रतिशत टीसीएस होने से व्यापार करना आसान और व्यावहारिक होगा। साथ ही कई संग्राहक और छोटे व्यापारी आयकर दायरे में नहीं आते थे, लेकिन टीसीएस कटने के बाद रिफंड की प्रक्रिया जटिल होती थी। दर घटने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त होगी और वन आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। यह निर्णय तेंदूपत्ता जैसे वन उत्पादों के व्यापार को प्रोत्साहित करेगा और ग्रामीण-आदिवासी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि यह बजट मानवीय और समावेशी बजट का उदाहरण यह फैसला इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार का बजट केवल राजस्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि गरीब, आदिवासी, श्रमिक और वन आश्रित समुदायों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की स्पष्ट सोच के साथ तैयार किया गया है।

## केंद्रीय बजट किसान, गांव और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव - उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा

**रायपुर (निप्र)।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक, अभूतपूर्व और विकसित भारत की दिशा में निर्णायक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा देश की प्राथमिक आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई मजबूती देता है। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों के हित में बड़ा उर्वरक सब्सिडी का प्रावधान खेती की लागत घटाने वाला बड़ा कदम है। इससे सस्ता खाद-उर्वरक उपलब्ध होगा, उत्पादन लागत कम होगी और किसानों को सीधी राहत मिलेगी। साथ ही कृषि बजट को में समुचित प्रावधान किए जाने से कृषि अनुसंधान, नवाचार और आधुनिक तकनीकों को गति मिलेगी।

ग्रामीण विकास पर 21 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि का उल्लेख करते हुए शर्मा ने कहा कि



यह बजट गांवों के समग्र विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है।पंचायतों को दोगुनी सीधी सहायता, और विकसित ग्राम-स्वावलंबी ग्राम की परिकल्पना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। लखपति दीदी और साश्व-मार्ट जैसी पहलों से स्वयं सहायता समूहों की बहनें आजीविका से आगे बढ़कर उद्यमी बनेंगी। उन्होंने कहा कि आज पेश केंद्रीय बजट 2026 यह स्पष्ट करता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश को मजबूत फैसलों और ठोस परिणामों के साथ आगे ले जा रही है। यह बजट तुष्टिकरण नहीं, बल्कि विकास और राष्ट्रनिर्माण की राजनीति का दस्तावेज है। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग और युवाओं सभी वर्गों के लिए किए गए प्रावधान दर्शाते हैं कि सरकार की सोच वोट बैंक की नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की है। विपक्षी दलों ने सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाया जाता है जबकि सरकार ने केंद्रीय बजट में मनरेगा के लिए अधिक राशि का प्रावधान कर अपनी मंशा को स्पष्ट कर दिया है कि सरकार देश की जनता के लिए मनरेगा को सशक्त एवं वीबी जी राम जी के द्वारा अधिक प्रभावी बनाने के लिए संकल्पित हैं।

# अंबिकापुर में भाजपा के नए हाईटेक कार्यालय का शंखनाद के बीच भूमिपूजन, सीएम साय बोले ऐतिहासिक दिन

**मीडिया ऑडीटर, अंबिकापुर (निप्र)।** सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में भारतीय जनता पार्टी को नया और अत्याधुनिक कार्यालय मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे विधि-विधान, शंखनाद और हनुमान चालीसा पाठ के बीच भाजपा के नए कार्यालय परिसर का भूमिपूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भाजपा का यह नया कार्यालय भवन दो करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए इसे भाजपा संगठन के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि अब तक भाजपा का कार्यालय एक छोटे भवन में संचालित हो रहा था, जहां जगह की कमी के कारण संगठनात्मक गतिविधियों में कठिनाई



होती थी और पार्किंग की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। नया भवन बन जाने के बाद संगठन के कार्यक्रमों, बैठकों और प्रशिक्षण आयोजनों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा, साथ ही आधुनिक पार्किंग सुविधा भी मिलेगी। जानकारी के अनुसार माता राजमोहनी देवी भवन के पीछे भाजपा कार्यालय के लिए 90 डिसमिल भूमि आवंटित की गई है। इसमें से 20 डिसमिल भूमि पर हाईटेक भाजपा कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा, जबकि शेष भूमि का उपयोग पार्किंग, खुले परिसर और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए किया जाएगा। नया कार्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिससे संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में धान खरीदी को लेकर भी महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में समर्थन मूल्य पर करीब ढाई महीने तक धान खरीदी की गई है। इस दौरान किसानों से लगभग 140 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि धान खरीदी की प्रक्रिया की समीक्षा की जा रही है और यदि किसानों के हित में जरूरत पड़ी तो धान खरीदी में कुछ रियायत देने पर भी विचार किया जाएगा। सीएम साय ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और नए कार्यालय भवन के निर्माण को संगठन के लिए मील का पत्थर बताया। भूमिपूजन समारोह में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।

## औद्योगिक, कृषि और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाला बजट: मंत्री लखन लाल देवांगन

**रायपुर (निप्र)।**वाणिज्य, उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक, कृषि और ग्रामीण विकास को नई गति देने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप औद्योगिक क्लस्टरों को पुनर्जीवित करने के लिए 2 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान से राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को सशक्त किया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। देवांगन ने कहा कि बजट में स्वस्थ्यऔर बायोफार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये तथा सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान से छत्तीसगढ़ में



औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों में माइनिंग आधारित औद्योगिक कॉरिडोर, टेक्सटाइल और केमिकल पार्क की स्थापना से राज्य का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत होगा। मंत्री देवांगन ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में सुधार, आर्थिक ऋण गारंटी और कर प्रक्रियाओं के सरलीकरण से राज्य के उद्यमियों, व्यापारियों और स्टार्टअप्स को पूंजी तक आसान पहुंच मिलेगी, जिससे उद्योग-हितैषी वातावरण बनेगा। मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करने के लिए स्पोर्ट्स गुड्स सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने के प्रावधान से स्थानीय इकाइयों को सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ), डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और कंटेंट इकोनॉमी पर विशेष जोर दिया गया है। एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (क्क्नष्ट) के लिए कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना से डिजिटल उद्योग, स्टार्टअप्स और युवाओं के लिए नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर खुलेंगे। वहीं, बेहतर इंटरनेट और डिजिटल नेटवर्क के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपये के प्रावधान से औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ की कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन आधारित अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करेगा। छोटे किसानों की उद्यमशीलता, पशुधन विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी, पशु चिकित्सा सेवाओं के विस्तार और 500 अमृत जलाशयों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आय और रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। श्री देवांगन ने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों को बाजार से जोड़ने, हैंडलूम और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए किए गए प्रावधानों से राज्य की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा। कुल मिलाकर यह बजट औद्योगिक विस्तार, रोजगार सृजन और समग्र विकास के माध्यम से विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेगा।

## विकसित भारत की ओर ले जाने वाला ऐतिहासिक बजट : अरुण साव

**रायपुर (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए इसे 'विकसित भारत के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट' बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट आम नागरिक के जीवन को सरल और सुगम बनाने वाला है, जिसमें देश के हर क्षेत्र और हर वर्ग की जरूरतों को धरातल पर जाकर समझते हुए प्रावधान किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए आर्थिक सुधारों की श्रृंखला को यह बजट और मजबूती देता है। योजनाबद्ध तरीके से देश की ताकत और क्षमताओं के अनुरूप अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का जो क्रम शुरू हुआ, उसी का परिणाम है कि वैश्विक महामारी जैसी कठिन चुनौतियों के बावजूद भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह बजट उसी मजबूत नींव पर भविष्य की तेज रफ्तार तय करने वाला है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक सुधारों का सीधा लाभ आम जनता को मिला है। करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का आवास, आयुष्मान भारत के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार, उत्पादन बढ़ाकर निर्यात को प्रोत्साहन–ये सभी प्रयास देश की अर्थव्यवस्था को लगातार मजबूत कर रहे हैं। आज प्रस्तुत बजट इन सभी पहलों को आगे बढ़ाने वाला है। साव ने स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रावधानों को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया। रांची और तेजपुर के मानसिक चिकित्सालयों को अपग्रेड करने, वहां शोध सुविधाएं विकसित करने तथा मधुमेह, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाईयों की कीमत कम करने के निर्णय को आमजन के हित में बड़ा कदम बताया। इसके साथ ही खादी, ग्रामोद्योग और हैंडलूम को बढ़ावा देकर ग्रामीण और घरेलू स्तर पर काम करने वाले लोगों को सशक्त करने की योजना को रोजगार सृजन की दिशा में प्रभावी बताया। साव ने कहा कि माइनिंग कॉरिडोर, अधोसंरचना विकास और निर्यात बढ़ाने वाले प्रावधान देश की आर्थिक गति को और तेज करेंगे। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लखपति दीदी अभियान और महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को सी-मार्ट के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराने की पहल से आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट जनोन्मुखी, विकासपरक और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करने वाला है। 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में यह बजट देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला सिद्ध होगा।

## रायपुर लक्ष्य से 25 लाख टन कम हुई धान खरीदी-दीपक बैज-कांग्रेस ने धान खरीदी की समय-सीमा 15 दिन और बढ़ाने की मांग की

**रायपुर (निप्र)।** कांग्रेस ने धान खरीदी की समय-सीमा 15 दिन बढ़ाने की मांग की है, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस साल सरकार ने धान खरीदी का लक्ष्य 165 लाख मीट्रिक टन घोषित किया था, लेकिन वास्तविक खरीदी 139 लाख 85 हजार मीट्रिक टन ही हुई। यानी लक्ष्य से करीब 25 लाख मीट्रिक टन कम। पिछले साल के मुकाबले भी इस बार 9 लाख 15 हजार मीट्रिक टन कम धान खरीदा गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल 53 दिन खरीदी की, जबकि पहले 75 दिन का आश्वासन दिया गया था। अंतिम तिथि 31 जनवरी थी, लेकिन शनिवार-रविवार होने के कारण आखिरी दो दिन खरीदी नहीं हो सकी। टोकन नहीं, पंजीयन अधूरा–किसान परेशान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 27 लाख किसानों का पंजीयन हुआ था, लेकिन करीब 2.5 लाख किसान धान नहीं बेच सके। वहीं एग्रीस्टेक पोर्टल की दिक्कतों के चलते लगभग 5 लाख किसानों का पंजीयन ही नहीं हो पाया। कई जगह किसानों से बिना सहमति के जबरिया रकबा सरेंडर कराया गया और पहले से जारी टोकन भी निरस्त कर दिए गए। इसका नतीजा यह रहा कि हजारों किसान खरीदी से वंचित रह गए। 29 जिलों में कम खरीदी, फिर भी जश्न बैज ने आरोप लगाया कि सरकार ने कम खरीदी पर भी जश्न मनाया। जिलावार आंकड़े जारी कर अधिकारियों और कर्मचारियों को एसएमएस के जरिए बधाई दी गई कि किस जिले में कितनी कमी आई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब लक्ष्य पूरा नहीं हुआ तो बधाई किस बात की? यह साफ करता है कि सरकार का इरादा शुरू से ही कम धान खरीदने का था। उन्होंने बताया कि सिर्फ नारायणपुर, बलरामपुर और बस्तर में पिछले साल के आसपास खरीदी हुई, जबकि बाकी जिलों में 5त्न से लेकर 32त्न तक कमी दर्ज की गई। महासमुंद, कवर्धा, कोरबा जैसे जिलों में किसानों की परेशानी बढ़ी, यहां तक कि कुछ जगहों पर किसानों ने आत्महत्या का प्रयास किया और एक मामले में जान भी गई। 15 दिन और खरीदी की मांग दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार विशेष अभियान चलाकर कम से कम 15 दिन के लिए धान खरीदी फिर शुरू करे, ताकि बचे हुए सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जा सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ हुए इस अन्याय के लिए सरकार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा